www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

रिश्तों का गलत इस्तेमाल कभी मत करना अच्छे लोग जिंदगी में बार-बार नहीं आते।

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 27 फरवरी 2022, कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-11 अंक-19 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बंदर के हाथ में उस्तरा पकड़ाने की मूर्खता करने वालों का क्या अंजाम होता है यह यूक्रेन के हालात से समझा जा सकता है। यूक्रेन के लोगों ने पता नहीं क्या सोच कर वहां के टीवी धारावाहिक से मशहूर कामेडियन जेलेस्की को प्रचंड बहुमत से राष्ट्रपति चुन लिया था। नतीजतन आज उन्हे ऐसे बुरे दिन देखने पड़ रहे है। रूस ने हमला कर दिया है और यूक्रेन को रूस के खिलाफ उचकाकर उसे चने के झाड़ पर चढ़ाने वाले अमेरिका ने उसे मंझधार में छोड़ दिया है। इसी लिए कहा गया है कि नादान की दोस्ती जी का जंजाल बन जाती है।

सूर्योदय

उदय : 6:16 प्रात:

अस्त : 5:44 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,929,792,620

भारत : 1,402,855,580

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 50,570 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.71 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	34.1	19.0
बिलासपुर	33.0	16.4
जगदलपुर	33.6	18.0
अंबिकापुर	31.2	14.7

आज का दिवस

विश्व एनजीओ दिवस : पूरे विश्व में 27 फरवरी का दिन विश्व एनजीओ दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में लोगों को प्राइवेट और पब्लिक सेक्टरों के एनजीओ के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ-साथ इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य दुनियाभर के लोगों को एनजीओ और उन्हें प्रभावों के बारे में बताना भी है।

ब्रिटेन ने बताया युद्ध का ताजा हाल

कीव से 30 किमी पीछे है रूसी सेना

■ यूक्रेनी सेना ने भी रूसी सेना को कड़ी चुनौती दे रखी है

कीव/वार्ता। रूसी सेना यूक्रेन की राजधानी कीव से 30 किलोमीटर पीछे है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को ये जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना लगातार आगे बढ़ रही है। हालांकि यूक्रेनी सेना ने भी रूसी सेना को कड़ी चुनौती दे रखी है। ब्रिटिश विदेश मंत्रालय ने कहा, रूसी सेना ने कीव की ओर अपनी चढ़ाई जारी रखी हुई है और वे मुख्य शहर के केंद्र से अब 30 किमी दूर हैं। वहीं यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने पूरे देश में रूसी सेना के खिलाफ कड़ा प्रतिरोध जारी रखा है। ब्रिटेन ने कहा, रूस ने अभी तक यूक्रेन के हवाई क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल नहीं किया है, जिससे रूसी वायु सेना की प्रभावशीलता बहुत कम हो गई है। रूसी सैनिकों के मरने की संख्या भारी और क्रेमलिन द्वारा प्रत्याशित या स्वीकार किए जाने से अधिक होने की संभावना है।

इस बीच इंटरनेट ब्लॉकेज ऑब्जर्वेटरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

198 नागरिकों की मौत, 1000 से अधिक घायल : यूक्रेन

कीव/वार्ता। यूक्रेन के खिलाफरूस का सैन्य अभियान लगातार जारी है। रूसी सैनिकों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में शुक्रवार को हमला कर दिया और सरकारी क्वार्टरों के निकट गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें गूंज रही थी। इस युद्ध में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

कभी न भूलना ये दिन...

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने की पीएम मोदी से बात

नई दिल्ली। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। यह बातचीत यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच हुई है। भारत कूटनीति और बातचीत के माध्यम से इसका हल निकालने की बात करता रहा है। भारत और रूस दोनों एक-दूसरे के करीबी हैं। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को अब लगने लगा है कि इसमें भारत अहम भूमिका निभा सकता है। यूक्रेन पर हमले वाले दिन पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन कर बात की थी। रूस के साथ अपने संबंधों को देखते हुए भारत ने इस मामले में बीच का रास्ता बनाए रखा है। भारत ने यूक्रेन के खिलाफ रूसी सेना के आक्रमण पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर मतदान में भी भाग नहीं लिया। वह अपने पुराने दोस्त के खिलाफ बोलने को बिल्कुल तैयार नहीं है। अमेरिका और यूरोप के देशों के साथ अच्छे संबंध होने के बावजूद वह उनके सुर में सुर मिलाने से बचता रहा है।

यूक्रेन के राजदूत का भावुक संदेश..

इस बीच फ्लाइट से एक वीडियो सामने आया है जिसमें भारतीय राजदूत नागरिकों को एक भावुक संदेश देते सुने जा रहे हैं। शेयर किए गए वीडियो में रोमानिया में भारत के राजदूत राहुल श्रीवास्तव ने विमान के अंदर भारतीय नागरिकों को खास संदेश दे रहे हैं। वे कहते हैं, संपूर्ण भारत सरकार सभी को निकालने के लिए दिन-रात काम कर रही है और हमारा मिशन तब तक पूरा नहीं होगा जब तक कि हम अंतिम व्यक्ति को नहीं निकाल लेते। उन्होंने विमान के माइक से यूक्रेन से निकाले गए भारतीयों से कहा कि वे इस दिन यानी 26 फरवरी को अपने जीवन में याद रखें। उन्होंने कहा, जब भी जीवन में चीजें कठिन हों इस दिन को याद रखें।

300 स्टूडेंट्स को लेकर भारत रवाना हुआ एयर इंडिया का विमान

कीव/वार्ता । यूक्रेन में रूस के हमले का आज तीसरा दिन है। लगातार रूस की तरफसे यूक्रेन के तमाम इलाकों पर बमबारी की जा रही है। जिसमें सैनिकों के अलावा अब आम नागरिक भी शिकार हो रहे हैं। यूक्रेन में हजारों की तादाद में भारतीय नागरिक भी रहते हैं। जिनकी संख्या तकरीबन 20 हजार के आसपास है। जिनमें से ज्यादातर मेडिकल साइंस की पढ़ाई करने वाले छात्र हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से वहां ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अभिभावक लगातार सरकार से गुहार लगा रहे थे

यूक्रेन में फंसे अपने बच्चों के लिए उनके मां-बाप भी हर स्तर पर प्रयास कर रहे थे। पेरेंट्स लगातार सरकार पर दबाव बनाने और अपनी बात सरकार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। महाराष्ट्र में भी कई अभिभावकों ने एनसीपी मुखिया और सांसद शरद पवार से मुलाकात की थी। ताकि उनके बच्चों को सुरक्षित यूक्रेन से भारत वापस लाया जा सके।

निंदा प्रस्ताव के खिलाफ रूस ने यूएनएससी में किया वीटो का इस्तेमाल, भारत की दूरी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निंदा प्रस्ताव पर भारत के स्टैंड को लेकर भी काफी कयास लगाए जा रहे थे। वोटिंग के साथ इसका भी पटाक्षेप हो गया। भारत इससे खुद को दूर रखा। इसका अलावा चीन और यूएई ने भी परहेज किया। परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में रूस की वीटो शक्ति के कारण निंदा प्रस्ताव पास नहीं हो सका। इसके बावजूद, यूएनएससी में बहस के दौरान रूस के द्वारा पड़ोसी यूक्रेन के खिलाफसैन्य आक्रमण शुरू करने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के फैसले की निंदा की गई। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने मतदान के बाद कहा, मैं एक बात स्पष्ट कर दूं। रूस इस प्रस्ताव को वीटो कर सकता है, लेकिन हमारी आवाज़ को वीटो नहीं कर सकता है।

नहीं छोड़ूंगा देश, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का नया वीडियो संदेश

अपने वीडियो संदेश में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन की आजादी के लिए अंत तक लड़ेंगे। हम सब यहां अपनी आजादी, अपने देश की रक्षा कर रहे हैं और इसी तरह करते रहेंगे। इस वीडियो में उन्होंने कहा था वो रूसी सैनिकों की हिट लिस्ट में हैं और टारगेट नंबर वन हैं।

हथियार उपलब्ध कराएंगे : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा कि हम कीव और इसके चारों तरफ प्रमुख बिंदुओं को नियंत्रित कर रहे हैं। जो लोग हमारी मदद करना चाहते हैं, हम उन्हें हथियार उपलब्ध कराएंगे। हमें इस युद्ध को रोकने की जरूरत है, हम शांति से रह सकते हैं। एजेंसी रॉयटर्स ने ये जानकारी दी है।

हाईवे पर खड़े ट्रक में घुसी कार, पांच लोगों की मौत

बांदा/वार्ता। बांदा में शनिवार को एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ट्रक में घुस गई। हादसे पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक, कार में छह लोग सवार थे। हादसा प्रयागराज हाईवे पर बांदा शहर कोतवाली के जमुनीपुरवा के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक कार सवार लोग चित्रकूट जनपद के रहने वाले हैं और वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए उरई जा रहे थे। इस बीच बांदा में उनकी कार ट्रक में पीछे से घुस गई। इस हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार सवार सभी लोगों को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला।

3 चिटफंड कंपनी के 5 डायरेक्टरों को राजस्थान व ओडिशा में दबोचा

2132 निवेशकों से साढ़े 4 करोड़ ठगने वालों को छत्तीसगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ 3 डायरेक्टर हरीश शर्मा, अभिषेक चौहान, प्रबलप्रताप सिंह को भुनेश्वर से किया गिरफ्तार

■ रणविजय सिंह बघेल को भुनेश्वर और दयानंद सिंह को भरतपुर (राजस्थान) से किया गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रकम डबल करने का झांसा देकर ठगी करने वाली चिटफंड कंपनियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा जिले की पुलिस ने 3 चिटफंड कंपनियों के 5 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ की पुलिस ने ओडिशा और राजस्थान से आरोपी डायरेक्टरों को दबोचा है। आरोपियों ने दंतेवाड़ा जिले में 2132 निवेशकों से साढ़े 4 करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

6 साल में रकम डबल करने का झांसा देकर ठगी

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि सांई प्रकाश ग्रुप ऑफकंपनी में 212 निवेशकों से 91 लाख 7 हजार 112 रुपये, बीएनपी इंडिया ग्रुप ऑफ कंपनी में 21 निवेशकों ने 79 लाख 7 हजार 430 रुपये और निर्मल इंफ्रा होम कॉर्पोरेशन लिमिटेड कंपनी में 1899 निवेशकों ने 2 करोड़ 67 लाख 9 हजार 612 रुपये जमा किए थे। कुल 2132 निवेशकों से 4 करोड़ 37 लाख 24 हजार 154 रुपये की ठगी हुई थी। आरोपियों ने 6 साल में रकम डबल करने का झांसा दिया था। रुपये निवेश कराने के बाद आरोपी कंपनी बंद कर फरार हो गए। ठगी के शिकार लोगों ने थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कंपनी के डायरेक्टर के ठिकानों के बारे में पता चलते ही पुलिस दे दबिश दी, जिसके बाद गिरफ्तारी की गई है।

गीदम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई

दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि चिटफंड कंपनी में पैसे जमा करने वाले निवेशकों ने सिटी कोतवाली व गीदम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने सांई प्रकाश ग्रुफ ऑफ कंपनी के डायरेक्टर रणविजय सिंह बघेल को भुनेश्वर (ओडिशा), बीएनपी इंडिया ग्रुप ऑफकंपनी के डायरेक्टर दयानंद सिंह को भरतपुर (राजस्थान) और गीदम पुलिस ने निर्मल इंफ्रा होम कॉर्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के 3 डायरेक्टरों हरीश शर्मा, अभिषेक चौहान, प्रबल प्रताप सिंह को भुनेश्वर (ओडिशा) से गिरफ्तार किया गया है। सभी को जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

ट्वीटर पर सीएम वर्सेस पूर्व सीएम

पूर्व सीएम रमन ने पूछा-हर जिले में कहां हैं फूड पार्क?

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधा है। डॉ. रमन ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा है कि भूपेश बघेल जो भी झूठ राहुल गांधी से बोलते हैं, उसे आंखें बंद कर वे मान लेते हैं। कांग्रेस झूठ की दुकान है- उसे मेरी चुनौती है। छत्तीसगढ़ के हर जिले में कहां फूड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनता के सपने और संकल्पों के पूरे होने से बढ़ता है हौसला : भूपेश

राहुल गांधी के इस भाषण को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्विटर हैंडल में साझा किया है। सीएम भूपेश बघेल ने इस पर लिखा है कि हौसला बढ़ता है जब आप जनता के सपनों को और अपने नेता के संकल्पों को एक साथ पूरा करें। आज राहुल जी ने अमेठी में छत्तीसगढ़ की जनता और सरकार की सराहना की है। इसे लेकर पूर्व सीएम डॉ. रमन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत इकलौता देश है जिसने दूसरों की एक इंच जमीन नहीं हड़पी : सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि भारत दुनिया का 'इकलौता देश' है जिसने कभी हमला नहीं किया और ना ही दूसरे देशों की एक इंच जमीन हड़पी। उन्होंने यह बात शनिवार को दिल्ली विश्व विद्यालय के 98वें दीक्षांत समारोह में कही। राजनाथ ने कहा कि भारत की शक्ति दुनिया के कल्याण के लिए है, ना कि किसी को डराने के लिए। राजनाथ ने कहा, 'हमारा सपना भारत को जगत गुरु बनाना है।

स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक जिला व ब्लॉक पर पहुंचाने का सरकार का लक्ष्य : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा देश में प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। श्री मोदी ने आज आम बजट-2022 में हेल्थ सेक्टर के लिए किए गए प्रावधानों पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हेल्थ केयर सेक्टर के लिए बजट प्रावधान में काफी वृद्धि की गई है तथा गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा प्रत्येक जिला और ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा, इस बार का बजट पिछले सात साल से हेल्थ केयर का कायाकल्प करने और उसका विस्तार करने के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देता है।हमने स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है और रोग से बचाने के लिए जनता को जागृत करने का अभियान चलाया है और बीमारी होने पर उसके इलाज की व्यवस्था करने पर ध्यान दिया है।

गरमा-गरम

बयानबाजी... बीजेपी वाले बहुत एबीसीडी सिखा रहे है... हम उन्हें हिन्दी सिखांएगे

अखिलेश बोले- बाबा ने पुलिस का कबाड़ा कर दिया

पांचवे चरण का प्रचार थमने के बाद सिद्धार्थनगर पहुंचे सपा प्रमुख ने सीएम योगी पर बड़ा हमला बोला

सिद्धार्थनगर/ए. । पांचवे चरण का प्रचार थमने के बाद सिद्धार्थनगर पहुंचे सपा प्रमुख ने सीएम योगी पर बड़ा हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा वाले बहुत एबीसीडी सिखा रहे हैं आज कल। हमने भी तय कर लिया कि उन्हें हिंदी सिखाएंगे। 'काका' चले गए, बाबा भी जाएंगे। काका का मतलब काले कानून।

अखिलेश यादव सिद्धार्थनगर में आयोजित सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव बोले, बीजेपी ने कहा कि जीएसटी लागू होने से कारोबार बढ़ेगा लेकिन ना कारोबार बढ़ा ना रोजगार मिला। मैं महात्मा बौद्ध की धरती को नमन करता हूं। यहां से ना केवल भाईचारे का संदेश जाता है बल्कि सदियों से यहां प्रेम का संदेश गया है। ये जोश और उत्साह भरोसा दिला रहा है कि इस बार गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

बाबा ने हमारी पुलिस का भी कर दिया कबाड़ा : अखिलेश

बलरामपुर में अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर जमकर कटाक्ष किए। अखिलेश यादव ने सपा सरकार में शुरू किए गए डायल 100 को लेकर कहा, बाबा मुख्यमंत्री ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अखिलेश पर जमकर बरसे अनुराग ठाकुर

जिन्होंने रामभक्तों को भूना, उनका इवीएम कर दो सूना

यूपी विधानसभा के पांचवे चरण की वोटिंग से एक दिन पहले केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला। अनुराग ठाकुर ने कहा, जो टोटी चुराते थे, वे रोटी कैसे प्रदान कर सकते हैं। सपा प्रमुख के मुफ्त बिजली वादे पर चुटकी लेते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, सपा कार्यकाल में तो बिजली हुआ ही नहीं करती थी, सपा कार्यकाल में लोग बिजली के तारों पर कपड़े टांगते थे। सीएम योगी के कार्यकाल की सराहना करते हुए केन्द्रीय मंत्री बोले, हम अक्सर गोरखपुर में गैंगवार और जापानी बुखार इन्सेफ्लाइटिस के बारे में सुनते थे लेकिन मोदी जी और योगीजी ने इसे जिले से मुक्त कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, सपा, कांग्रेस, बसपा के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री साहू ने ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

रायपुर। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को संबोधित करते हुए अपना इस्तीफा भेजा है। ताम्रध्वज ने 12 फरवरी को एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल को इस्तीफा पत्र सौंपा था। ताम्रध्वज साहू ने अपने ट्विटर हैंडल पर इसे साझा भी किया है। बता दें कि ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ सरकार में गृह मंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। साल 2018 में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने ताम्रध्वज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हैचरी यूनिट से ग्रामीण महिलाएं भी बन रही उद्यमी

हमारे गौठान में भी बड़े पोल्ट्री फार्म जैसा तंत्र विकसित हुआ

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला पंचायत दुर्ग ने हैचरी यूनिट के माध्यम से एक नए अध्याय की शुरुआत की है। जिले के तीनों विकासखंड में गौठान को चिन्हित कर कुकुट पालन के साथ हैचरी यूनिट की शुरुआत भी की गई है। जिसके लिए दुर्ग विकासखंड में थनौद, पाटन में गाड़ाडीह व धमधा में बोरी में हैचरी यूनिट की स्थापना की गई है। हैचरी यूनिट के माध्यम से एक पारिस्थितिक तंत्र स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें अंडे से चूजें तो निकलेंगे ही और भविष्य में एक ऐसे चक्र का निर्माण किया जाएगा जिसमें मुर्गियों से अंडे प्राप्त कर एक पूर्ण चक्र निर्मित किया जा सके, जैसा कि बड़े-बड़े पॉल्ट्री प्लेटफार्मों में किया जाता है। जिले में विभाग द्वारा गौठान में जों विभिन्न नवाचार अपनाये जा रहें हैं और जिस पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण किया जा रहा है निःसंदेह इससे गौठान में कार्य करने वाली महिलाओं और स्व सहायता समूह की तस्वीर और तकदीर दोनों में बदलाव आएगा। दुर्ग जिला पंचायत ने शासन की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना को एक नई दिशा दी है। जिपं अपने प्रयोगों से लगातार साबित कर रहा है कि वह योजनाओं के साथ नवाचार का समावेश करने में राज्य में सबसे आगे है।

जिला अस्पताल के पूर्व सीएस ने किया लिफ्ट का लोकार्पण

अस्पताल आने वाले बुजुर्ग मरीजों व परिजनों को अब नहीं होगी परेशानी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला चिकित्सालय के मातृत्व और शिशु विभाग में संचालित ओमेगा कंपनी के दूसरे लिफ्ट का शुभारंभ पूर्व सिविल सर्जन डॉ पी बालकिशोर ने किया। मातृत्व और शिशु विभाग में दो लिफ्ट की सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें एक मरीज और उनके परिजनों के लिए और दूसरा लिफ्ट स्टाफ के लिए निर्धारित है। इस सेवा के महत्वपूर्ण अवसर पर सीएमएचओ डॉ गंभीर सिंह ठाकुर, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके देवांगन, आरएमओ डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. संजय बालबेंद्रे, डॉ. विनीता ध्रुर्वे, डॉ. कुंती ठाकुर, जीवन दीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर, दुष्यंत देवांगन, राहुल शर्मा, प्रशांत डोंगावकर, राकेश तिवारी, वरिष्ठ रेडियोग्राफर दिनेश्वर साहू मेट्रन बोरकर, जीपी उपाध्याय, वार्ड बॉय रमेश व नरेश उपस्थित थे। इस सेवा के आरंभ करने के पीछे पूर्व सिविल सर्जन ने कड़ी मेहनत की थी। इस वजह से उन्हें खास तौर पर लिफ्ट का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया गया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202202101000132/202202101000132
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

जामुल प.ह.न. 00018 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - नवीन कुमार वराड़े / अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदक नवीन कुमार वराड़े पिता देवेन्द्र सिंह वराड़े पता राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.म जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 8998 रकबा 0.040 हे. है जो आवेदक के पिता स्व. देवेन्द्र सिंह पिता मंगल सिंह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी देवेन्द्र सिंह पिता मंगल सिंह की मृत्यु दिनांक 29/11/2017 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 11/03/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/02/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार
भिलाई (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400399

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संजय मनवानी आ. मोती लाल मनवानी निवासी प्रदीप्ती नगर बोरसी अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/80 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संजय मनवानी आ. मोती लाल मनवानी निवासी प्रदीप्ती नगर बोरसी अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 333/94 रकबा 0.020 हें/ 2175 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400367

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राकेश कुमार बत्रा आ. जशन लाल बत्रा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 333/124 रकबा 0.007 हें/ 720 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400365

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राकेश कुमार बत्रा आ. जशन लाल बत्रा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 333/126 रकबा 0.013 हें/ 1312.6 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400366

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राकेश कुमार बत्रा एवं एच.यू.एफ आ. जशन लाल बत्रा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 333/125 रकबा 0.010 हें/ 1080 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम श्री रामचंद सवलानी	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202202100400288

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रामचंद सवलानी पिता स्व. सुंदरलाल सवलानी निवासी वैशालीनगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	1946/123	0.020 हें 2375 वर्गफीट	वाणिज्यिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202202100700052//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका शिव मरई पिता स्व. धनुष राम मरई निवासी ग्राम राजीव नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 726/2 रकबा 0.0020 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेता उमेंद बंजारे पिता खेदूराम बंजारे निवासी ग्राम व पोस्ट खोपली तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न 43 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1194/4 रकबा 0.350 हे. मुं से 0.180 हे. लगान अभिलेख अनुसार भूमि विक्रेता बसंत कुमार पिता श्री कार्तिकराम जाति सतनामी निवासी ग्राम व पोस्ट खोपली तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28/01/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 04/03/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 96 //अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक शरद कुमार गुप्ता आ. स्व. शिवप्रसाद गुप्ता निवासी तितुरडीह दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 88 ए प्लाट नं. 36 रकबा 95 वर्गमीटर भूमि धारक शिवप्रसाद आ. देवीलाल गुप्ता निवासी तितुरडीह के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 02/04/2005 को हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक धारक के वारिसार उनके पुत्र शरद कुमार, संजय, पत्नि श्रीमती त्रिवेणी गुप्ता, पुत्री मंजू, मीना है। आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 14/03/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेता लोकनाथ बंजारे पिता श्री खेदूराम बंजारे निवासी ग्राम व पोस्ट खोपली तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न 43 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1194/4 रकबा 0.350 हे. मुं से 0.170 हे. लगान अभिलेख अनुसार भूमि विक्रेता बसंत कुमार पिता श्री कार्तिकराम जाति सतनामी निवासी ग्राम व पोस्ट खोपली तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28/01/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 04/03/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूर्णिमा वर्मा आ./पति रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम सेक्टर-5 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उमरपोटी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 372/10 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि रामकुमार वर्मा पिता स्व. खूबीराम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु रामकुमार वर्मा पिता स्व. खूबीराम वर्मा 12/05/21 हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/03/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नासिर खान पिता बी.एम.खान निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/383 रकबा 0.044 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारनामा दिनांक 10/01/22 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/03/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/2/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शशिकला देशमुख पति धर्मेन्द कुमार देशमुख निवासी ग्राम न्यू पुलिस लाईन राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 201/16 रकबा 0.013 हे. भूमि को विक्रेता श्रीकांत बिबे पिता स्व. सुरेश राव बिबे निवासी ग्राम कोरबा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 3/11/18 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/03/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/2/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मानस चोपड़ा पिता श्री पारस चोपड़ा निवासी ग्राम बुढ़ापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 80/9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 का टु. रकबा 1873 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 9/3/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/2/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शशिकला देशमुख पति धर्मेन्द कुमार देशमुख निवासी ग्राम न्यू पुलिस लाईन दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 201/17 रकबा 0.013 हे. भूमि को विक्रेता राजेश कुमार बिबे पिता स्व. सुरेश राव बिबे निवासी ग्राम कोरबा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 3/11/18 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/03/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/2/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मनोज खत्री आ./स्व. प्रेम बहादुर साकिन भिलाई के द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.न 42 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 608, 611 रकबा 0.3500, 0.3000 हे. भूमि चन्द्रकुार/शिवनंदन प्रसाद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07/02/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 14/03/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400392

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक महेश कुमार सोनी आ. जनक राम सोनी निवासी कोरबा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 305/2 रकबा 0.0115 हें/ 1260 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400394

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक दिनेश कुमार सोनी आ. जनक राम सोनी निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 376/11 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400393

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका संतोषी साहू पति हीरा लाल साहू निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 835/35 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-202202101200025/अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रमिला बाई आ. स्व. भोइराम निवासी रियामा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम .....तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्र.......... मे दर्ज भूमि खसरा नं. 1015 रकबा 0.4700 हे भूमि जो कि आवेदक प्रमिला बाई अन्य के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर पृथक-पृथक सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 11/03/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202202100900068/202202100900068
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

फेकारी प.ह.न. 00028 (686 (0.4200 हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - यीवगेन्द्र कुमार अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम फेकारी प.ह.न 28 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक यीवगेन्द्र कुमार वल्द कन्हैया लाल साहू निवासी ग्राम फेकारी तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम फेकारी प.ह.नं. 28 तह. पाटन स्थित अपने नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 697 रकबा 0.15 हे. पर पेट्रोल पंप निर्माण करने के लिए उक्त पेट्रोल पंप में आवागमन हेतु आने जाने के लिए शासकीय घास भूमि खसरा नं. 686 में रास्ता प्रदान करने हेतु धारा 131 के सुखाधिकार अधिनियम तहत हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक यीवगेन्द्र कुमार वल्द कन्हैया लाल साहू द्वारा उपरोक्तानुसार रास्ता प्रदान किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 07/03/22 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/02/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति हेमा कौशिक पिता/पति श्रवण कौशिक निवासी वार्ड नं. 17 न्यू शांतिनगर दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 637/2 का टु. रकबा 936 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बिटन बाई पिता/पति चैनदास से दिनांक 28/01/22 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/03/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति शिमला सूर्यवंशी पिता/पति अनिल सूर्यवंशी निवासी वार्ड नं. 17 न्यू शांतिनगर दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 637/4 रकबा 1584 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बिटन बाई चतुर्वेदी पिता/पति स्व. चैनदास से दिनांक 01/02/22 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/03/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार देवांगन पिता रामनारायण देवांगन निवासी मका नं. 1591, वार्ड नं. 18 न्यू शांतिनगर दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 637/2 का टु. रकबा 1050 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बिटन बाई चतुर्वेदी व अन्य 03 पति स्व. चैनदास से दिनांक 28/01/22 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07/03/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विजय लक्ष्मी वर्मा पति श्रीकांत वर्मा निवासी मका नं. 870 वार्ड नं. 17 कादम्बरी नगर दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 637/2 का टु. रकबा 1539 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बिटन बाई चतुर्वेदी व अन्य 03 पति स्व. चैनदास से दिनांक 28/01/22 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07/03/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चम्पा देवी यादव पति मोतीलाल यादव निवासी वार्ड नं. 18 शांतिनगर नगर दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 637/4 का टु. रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बिटन बाई चतुर्वेदी व अन्य 03 पति स्व. चैनदास से दिनांक 01/02/22 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07/03/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलेश्वर आ./पति जुगरू सिंह निवासी कोतरो तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कातरो तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 348, 354 रकबा 0.390 हे. भूमि जो कि दशोदा बाई पति जुगरू के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु दशोदा बाई पति जुगरू की मृत्यु 24/09/21 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 14/03/22 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-/अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकालू आ. स्व. नीलकंठ निवासी कातरो तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम .....तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्र.......... मे दर्ज भूमि खसरा नं. 111, 404, 692/1, 998, 1043, 1123, 1201 रकबा 0.420, 0.890, 0.140, 0.290, 1.180, 0.310, 0.510 कुल 3.730 हे भूमि जो कि आवेदक के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 14/03/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-/अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चम्मन आ. स्व. महिरू निवासी कातरो तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातरो तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्र... में दर्ज भूमि खसरा नं. 249, 443, 653, 885, 916, 1305, 193 रकबा 0.080, 0.480, 0.080, 0.170, 0.460, 0.060, 1.010 हे भूमि जो कि आवेदक चम्मन के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 14/03/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400401

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सुषमा सैनी पति आर. के. सैनी निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 275/13 रकबा 0.014 हें/ 1540 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400403

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सुषमा सैनी पति आर. के. सैनी निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 275/14 रकबा 0.008 हें/ 900 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

संस्कृति विभाग का आईसीसीआर के साथ एमओयू, अब मिलेगा देश के बाहर परफॉर्म करने का मौका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कलाकारों को अब देश और दुनिया में अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने का महत्वपूर्ण मौका मिलेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ एमओयू किया है।

चिन्हारी पोर्टल में 2 हजार से अधिक रजिस्टर्ड हैं कलाकार

उल्लेखनीय है कि संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल में अब तक राज्य के 2 हजार 25 कलाकार और 443 कला दल रजिस्टर्ड है। जिन कलाकरों का रजिस्ट्रेशन नहीं है, वे सीजीकल्चर डाट इन पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। एमओयू के बाद अब देश और दुनिया में होने वाले कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी कलाकरों को भी प्रस्तुति का मौका दिया जाएगा, जो देश और दुनिया के साथ राज्य का सांस्कृतिक आदान-प्रदान करने में महत्वपूर्ण होगा।

संस्था विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति को देता है बढ़ावा

इंडियन काउंसिल ऑफ कल्चरल रिलेशंस संस्था भारत सरकार के विदेश मंत्रालय का उपक्रम है। ये संस्था विश्व स्तर पर भारत की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम करती है। इसके तहत विश्व के अन्य देशों में कला, संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम कराए जाते हैं। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि विदेश से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए कोई भी जानकारी आएगी तो हमें भी अब सूचित किया जाएगा।

संस्कृति विभाग द्वारा राज्य के कलाकारों को प्रस्तुति के लिए भेजा जाएगा। इससे छत्तीसगढ़ के कलाकारों को विदेश में प्रस्तुति देने का महत्वपूर्ण मौका मिलेगा। साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दुनिया देख सकेगी। इसके माध्यम से राज्य के कलाकारों को विदेशी कल्चर जानने का मौका भी मिलेगा।

10+12 में असाइनमेंट जमा करना की अनिवार्यता खत्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड ने प्रत्येक विषय में दो सत्रीय कार्यों को जमा करने के लिए बोर्ड की दोनों कक्षाओं के छात्रों की आवश्यकता को वापस ले लिया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है।

मंडल ने अपने जारी आदेश में यह कहा है कि 'समस्त मान्यता प्राप्त शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के नियमित छात्रों हेतु आगामी मुख्य परीक्षा 2022 में सम्मिलित होने हेतु प्रत्येक विषय के 2 असाइनमेंट जमा किए जाने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाता है।'

आगे माशिम ने स्पष्ट करते हुए लिखा, 'मंडल की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए असाइनमेंट जमा करना अनिवार्य नहीं होगा।' यानी की अब छात्रों को 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए असाइनमेंट जमा करने की अनिवार्यता को समाप्त किया गया है।

पिछले जनवरी की तुलना में इस बार 27.89% अधिक राजस्व

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2021-22 में पंजीयन विभाग द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में जनवरी 2022 तक 27.89 प्रतिशत अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। इस समय पूरे प्रदेश में 1390.55 करोड़ राजस्व अर्जित किया गया है।

जबकि वर्ष 2020-21 में इस अवधि तक 1087.34 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया गया था। यह जानकारी इफ्फत आरा महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक कार्यालय द्वारा जिला पंजीयकों की मासिक समीक्षा बैठक में दी गई।

गत दिवस पंजीयन विभाग के अधिकारियों की नवा रायपुर अटल नगर में वाणिज्यिक कर भवन में आयोजित बैठक में इफ्फत आरा ने अधिकारियों से कहा कि

जिला पंजीयक राजस्व वसूली की निर्धारित प्रक्रिया का कढ़ाई से पालन करें और आरआरसी प्रकरणों में बकाया राजस्व वसूली किया जाना सुनिश्चित करें।

इससे राज्य के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। बैठक में जिले में राजस्व प्राप्तियों, पंजीबद्ध दस्तावेजों, मुद्रांक एवं राजस्व वसूली (आरआरसी) प्रकरणों के संबंध में समीक्षा की गई।

1700 करोड़ राजस्व लक्ष्य

बैठक में बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में पंजीयन विभाग के लिए 1700 करोड़ राजस्व लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध जनवरी माह तक 80 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हो चुका है। साथ ही जिला पंजीयक कार्यालयों में राजस्व (आरआरसी) के लगभग 1076 प्रकरण वसूली हेतु लंबित है, जिनमें 48.68 करोड़ रूपए राजस्व निहित है। बैठक में जिला पंजीयकों छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत राजस्व वसूली की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के धारा 146, 147 के अंतर्गत जिला पंजीयकों को बकाया राजस्व की वसूली के लिए तहसीलदार के अधिकार प्रदत्त है। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक पंजीयक सुशील खलखो, मदन कोर्पे एवं विभिन्न जिलों के जिला पंजीयक उपस्थित थे।

महिला चेंबर द्वारा चेंबर भवन में ग्रूमिंग क्लासेस का आयोजन

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला चेम्बर ने जानकारी दी 25 फरवरी को शाम 4 बजे चेम्बर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बॉम्बे मार्केट में मीनाक्षी टुटेजा के ग्रुमिंग क्लासेस का आयोजन किया गया।

इस शानदार ग्रुमिंग क्लासेस के लिए महिला चेम्बर और जेसीआई फेमिना टीम ने मीनाक्षी टुटेजा को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। मीनाक्षी टुटेजा के द्वारा ग्रुमिंग क्लासेस में बताया गया कि एक खूबसूरती ऊपरवाला हमें देकर भेजता है परंतु उस खूबसूरती को हमेशा खूबसूरत कैसे बना कर रखें उसे अपनी टिप्स द्वारा बखूबी जानकारी दी और खूबसूरत दिखने के लिए इतने कम समय में इतनी अधिक बातें बताई।

महिला चेम्बर ने ग्रूमिंग क्लासेस में उपस्थित सभी खूबसूरत मेंबर्स महिला चेम्बर और जेसीआई फेमिना टीम का विशेष आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए।

एमआईसी सदस्य ने तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर जनसमस्याएं सुनीं

■ **वार्ड में मेडिकल मोबाइल यूनिट के शिविर का किया निरीक्षण**

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष सुन्दर लाल जोगी ने नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड नम्बर 26 के मंगल बाजार सामुदायिक भवन के पास के क्षेत्र में तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता से सम्बंधित जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सम्बंधित निगम अधिकारियों को वार्डवासियों की समस्याओं का शीघ्र नियमानुकूल निदान जनहित में प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। शिविर स्थल पर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री सुन्दरलाल जोगी ने वार्ड के निवासियों को राशन कार्ड वितरित किये। राशन कार्ड में नाम जोड़ने, काटने की कार्यवाही हेतु आवेदन जमा करवाये, निराश्रित पेंशन एवं परिवार सहायता योजना से संबंधित आवेदन जमा करवाये। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री जोगी ने शिविर में लोगों से जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका यथासंभव निदान करवाने के प्रति वार्डवासियों को आश्वास्त किया। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ने वार्ड 26 के विभिन्न स्थानों पर स्वयं खड़े होकर सफ ाई मित्रों की गैंग लगवाकर नालियों की विशेष अभियान चलाकर सफाई करवाते हुए कचरा एवं गन्दगी निकालकर स्वच्छता जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कायम करवाई। वार्ड नम्बर 26 के क्षेत्र में मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलवाया। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुन्दरलाल जोगी ने वार्ड क्रमांक 26 में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत वार्डवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देने लगाये गये मेडिकल मोबाइल यूनिट की प्रशासनिक व्यवस्था का वहां पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

प. श्यामा चरण शुक्ल की जयन्ती पर संस्कृति विभाग द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

रायपुर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पण्डित श्यामा चरण शुक्ल की जयन्ती आज 10.30 बजे राजधानी शहर रायपुर के जीईरोड गौरव पथ स्थित उनकी प्रतिमा के स्थल में नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 3 के सहयोग से उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी अधीक्षण अभियन्ता हेमंत शर्मा ने देते हुए बताया कि रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पण्डित श्यामा चरण शुक्ल की जयन्ती आज सुबह 10.30 जीईरोड में गौरव पथ में स्थित उनके प्रतिमा स्थल में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम के लिए रायपुर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित कोविड -19 प्रोटोकॉल का पालन करवाने, आवश्यक साफ -सफ ाई का ध्यान रखते हुए पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियां आदि सहित अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने हेतु नगर पालिक निगम रायपुर के सम्बंधित जोन क्रमांक 3 के जोन कमिश्नर आरके डोंगरे को निर्देशित किया गया है।

हरदीप सिंह होरा बंटी के निर्देश पर क्षतिग्रस्त चेंबर की तत्काल मरम्मत करवाई गई

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 के जोन अध्यक्ष हरदीप सिंह होरा बंटी एवं जोन 2 के जोन कमिश्नर विनोद पाण्डेय ने विगत दिवस शहीद हेमू कालाणी वार्ड में निरीक्षण के दौरान महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट पंडरी पिंक टायलेट के पास चेम्बर क्षतिग्रस्त होना पाया। जोन 2 अध्यक्ष के निर्देश पर जोन कमिश्नर ने जोन की टीम भेजकर क्षतिग्रस्त चेंबर की तत्काल मरम्मत करवाई।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री द्वारा 'व्यापार शिरोमणि' के सम्मान से अलंकृत

■ **चेंबर भवन में चेंबर एवं कैट पदाधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा किया गया सम्मानित**

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं कैट सी.जी चेप्टर के अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष- परमानंद जैन, वासु माखीजा, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं टीम कैट ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि आज दिनांक 25 फरवरी 2022 को चेम्बर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट रायपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी जी को केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा 'व्यापार शिरोमणि' के सम्मान से अलंकृत किये जाने पर अमर पारवानी का चेम्बर भवन में चेम्बर एवं कैट पदाधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। व्यापारियों के शीर्ष संगठन कान्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के तत्वाधान में दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया था इस अवसर पर पारवानी को देश के व्यापार को भारतीयता से जोड़ने तथा आत्मनिर्भर भारत के मूल सिद्धांत (वोकल फॉर लोकल) को प्रोत्साहित करने एवं व्यापारी वर्ग को डिजिटल इंडिया हेतु प्रोत्साहित करने के लिये 'व्यापार शिरोमणि सम्मान' प्रदान किया गया। श्री पारवानी को यह सम्मान मिलने पर भारत के संपूर्ण व्यापार जगत में छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान बनी है जिससे छत्तीसगढ़ के व्यापारी समाज में हर्ष एवं उत्साह व्याप्त है। पारवानी ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं बल्कि पूरे व्यापारी समाज का सम्मान है। इस अवसर पर अमर परवानी जी की धर्मपत्नी किरण पारवानी, महिला चेम्बर संरक्षक मीनाक्षी टुटेजा, आभा मिश्रा, अध्यक्ष मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, एवं महिला चेम्बर की टीम सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे, चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, विकास आहूजा, सलाहकार भरत बजाज, अजय अग्रवाल, परमानंद जैन, राकेश ओचवानी, प्रदेश प्रभारी-आई. टी. सेल कैलाश खेमानी, उपाध्यक्ष- हीरा माखीजा, नरेन्द्र हरचंदानी,मंत्री- नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, युवा चेम्बर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल अपनी युवा चेम्बर की टीम के साथ मौजूद थे साथ ही अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

मोदी बनारस और स्मृति अमेठी से इस्तीफा दें तब भाजपा तुलसी का इस्तीफा मांगे : कांग्रेस

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा द्वारा राज्यसभा सांसद केटीएस तुलसी के इस्तीफे की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा की इस मांग के पीछे गैर छत्तीसगढ़िया कुलपति की नियुक्ति नहीं करवा पाने की खीझ झलक रही है। कुलपति चयन और राज्यसभा चुनाव को आपस में जोड़ने का कोई औचित्य नहीं है। राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर राजनेता देश के विभिन्न स्थानों से चुनाव लड़ते हैं। भाजपा खुद अपने नेताओं को दूसरे राज्यों से राज्यसभा भेजती रही है। गुजरात के मोदी ने बनारस और स्मृति ईरानी ने अमेठी से चुनाव लड़ा है। भाजपा पहले मोदी तथा स्मृति ईरानी से इस्तीफे की मांग करे। उसके बाद तुलसी के इस्तीफे की अनर्गल मांग करे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नहीं चाह रही थी कि स्थानीय योग्यता को उसका स्वाभाविक सम्मान मिले। भाजपा शिक्षा के क्षेत्र में अपना राजनीतिक एजेंडा चलाना चाहती है और राजनीतिक विचारधारा को पोषित करने के लिए षडयंत्र करती है। कांग्रेस द्वारा स्थानीय योग्यता को अवसर देने की मांग करने में कोई राजनीतिक भावना नहीं थी और राज्यपाल को राज्य की जनभावनाओं से अवगत कराया जाना कहीं से भी गलत नहीं है।

फिटनेस... कुछ ने शुरू की थी मुहिम, अब तक बीस से अधिक चिकित्सक, अधिकारी और कर्मचारी जुड़े

एम्स की फिटनेस को लेकर मुहिम, चिकित्सक, कर्मचारी साइकिल से आ रहे संस्थान

■ **खुद को फिट रखने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का प्रयास**

रायपुर। खुद को स्वस्थ रखने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक अनोखी मुहिम शुरु की है। इसके अंतर्गत 20 चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने निवास से कार्यस्थल तक और अस्पताल परिसर के अंदर साइकिल का प्रयोग शुरू कर दिया है। इससे सभी स्वयं को अधिक चुस्त और पर्यावरण संरक्षण कर कार्बन के उत्सर्जन को कम करने में योगदान दे रहे हैं। अब इस मुहिम से अधिक से अधिक चिकित्सक जुड़ रहे हैं।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि इस वर्ष से ग्रीन इनिशिएटिव प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत साइकिल का प्रयोग करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जा रहा है। इस वर्ष यह पुरस्कार 19 चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया। सभी पुरस्कृत चिकित्सक संस्थान तक साइकिल के माध्यम से पहुंच रहे हैं। इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है।

पुरस्कृत चिकित्सकों में नेफ्रोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर और एनोटॉमी विभाग के डॉ. अमित त्रिपुड़े शामिल हैं। यह दोनों प्रतिदिन लगभग चार किलोमीटर की साइकलिंग कर घर से संस्थान पहुंचते हैं। डॉ. राठौर का कहना है कि नियमित साइकलिंग से फेफड़े मजबूत होते हैं और फिटनेस बनी रहती है। वह तीन वर्ष से साइकिल से संस्थान आते-जाते हैं। सहायक नर्सिंग अधीक्षक कनगराज एस भी दो वर्षों से साइकिल से संस्थान आ रहे हैं। कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक आदित्य शुक्ला और केंद्रीय भंडार में कार्यरत परिचारक धनंजय साहू आठ वर्षों से कुम्हारी से एम्स तक साइकिल से आते हैं। इसी प्रकार सत्य प्रकाश दास और आईटी प्रोग्रामर चंद्रभान प्रधान भी नियमित साइकिल का प्रयोग कर रहे हैं।

प्रो. नागरकर ने इन चिकित्सकों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा है कि ग्रीन इनीशिएटिव से आम लोगों में भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ेगी।

महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। साल में होने वाली 12 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत सहित पूरी दुनिया में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है।

12 शिवरात्रियों में से को सबसे महत्वपूर्ण महाशिवरात्रि

समुद्र मंथन अमर अमृत का उत्पादन करने के लिए निश्चित था, लेकिन इसके साथ ही हलाहल नामक विष भी पैदा हुआ था। हलाहल विष में ब्रह्माण्ड को नष्ट करने की क्षमता थी और इसलिए केवल भगवान शिव इसे नष्ट कर सकते थे। भगवान शिव ने हलाहल नामक विष को अपने कण्ठ में रख लिया था। जहर इतना शक्तिशाली था कि भगवान शिव बहुत दर्द से पीड़ित हो उठे थे और उनका गला बहुत नीला हो गया था। इस कारण से भगवान शिव 'नीलकंठ' के नाम से प्रसिद्ध हैं। उपचार के लिए, चिकित्सकों ने देवताओं को भगवान शिव को रात भर जागते रहने की सलाह दी। इस प्रकार, भगवान भगवान शिव के चिन्तन में एक सतर्कता रखी। शिव का आनन्द लेने और जागने के लिए, देवताओं ने अलग-अलग नृत्य और संगीत बजाने। जैसे सुबह हुई, उनकी भक्ति से प्रसन्न भगवान शिव ने उन सभी को आशीर्वाद दिया। शिवरात्रि इस घटना का उत्सव है, जिससे शिव ने दुनिया को बचाया। तब से इस दिन, भक्त उपवास करते है।

शिवरात्रि तो हर महीने में आती है लेकिन महाशिवरात्रि सालभर में एक बार आती है। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है। इस बार साल 2021 में यह पर्व 11 मार्च सोमवार को है। महाशिवरात्रि का महत्व इसलिए है क्योंकि यह शिव और शक्ति की मिलन की रात है। आध्यात्मिक रूप से इसे प्रकृति और पुरुष के मिलन की रात के रूप में बताया जाता है। शिवभक्त इस दिन व्रत रखकर अपने आराध्य का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिरों में जलाभिषेक का कार्यक्रम दिन भर चलता है। लेकिन क्या आपको पता है कि महाशिवरात्रि क्यों मनाई जाती है, इसके पीछे की घटना क्या है।

पहली बार प्रकट हुए थे शिवजी

पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पहली बार प्रकट हुए थे। शिव का प्राकट्य ज्योतिर्लिंग यानी अग्नि के शिवलिंग के रूप में था। ऐसा शिवलिंग जिसका ना तो आदि था और न अंत। बताया जाता है कि शिवलिंग का पता लगाने के लिए ब्रह्माजी हंस के रूप में शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग को देखने की कोशिश कर रहे थे लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। वह शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग तक पहुंच ही नहीं पाए। दूसरी ओर भगवान विष्णु भी वराह का रूप लेकर शिवलिंग के आधार ढूंढ रहे थे लेकिन उन्हें भी आधार नहीं मिला।

64 जगहों पर प्रकट हुए थे शिवलिंग

एक और कथा यह भी है कि महाशिवरात्रि के दिन ही शिवलिंग विभिन्न 64 जगहों पर प्रकट हुए थे। उनमें से हमें केवल 12 जगह का नाम पता है। इन्हें हम 12 ज्योतिर्लिंग के नाम से जानते हैं। महाशिवरात्रि के दिन उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में लोग दीपस्तंभ लगाते हैं। दीपस्तंभ इसलिए लगाते हैं ताकि लोग शिवजी के अग्नि वाले अनंत लिंग का अनुभव कर सकें। यह जो मूर्ति है उसका नाम लिंगोभव, यानी जो लिंग से प्रकट हुए थे। ऐसा लिंग जिसकी न तो आदि था और न ही अंत।

शिव और शक्ति का हुआ था मिलन

महाशिवरात्रि को पूरी रात शिवभक्त अपने आराध्य जागरण करते हैं। शिवभक्त इस दिन शिवजी की शादी का उत्सव मनाते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि को शिवजी के साथ शक्ति की शादी हुई थी। इसी दिन शिवजी ने वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। शिव जो वैरागी थी, वह गृहस्थ बन गए। माना जाता है कि शिवरात्रि के 15 दिन पश्चात होली का त्योहार मनाने के पीछे एक कारण यह भी है।

समुद्र मन्थन

फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि को आदिदेव भगवान शिव ,करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे।

शिकारी कथा

एक बार पार्वती जी ने भगवान शिवशंकर से पूछा, 'ऐसा कौन-सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत-पूजन है, जिससे मृत्युलोक के प्राणी आपकी कृपा सहज ही प्राप्त कर लेते हैं?' उत्तर में शिवजी ने पार्वती को 'शिवरात्रि' के व्रत का विधान बताकर यह कथा सुनाई- 'एक बार चित्रभानु नामक एक शिकारी था। पशुओं की हत्या करके वह अपने कुटुम्ब को पालता था। वह एक साहूकार का ऋणी था, लेकिन उसका ऋण समय पर न चुका सका। क्रोधित साहूकार ने शिकारी को शिवमठ में बंदी बना लिया। संयोग से उस दिन शिवरात्रि थी।'

शिकारी ध्यानमग्न होकर शिव-संबंधी धार्मिक बातें सुनता रहा। चतुर्दशी को उसने शिवरात्रि व्रत की कथा भी सुनी। संध्या होते ही साहूकार ने उसे अपने पास बुलाया और ऋण चुकाने के विषय में बात की। शिकारी अगले दिन सारा ऋण लौटा देने का वचन देकर बंधन से छूट गया। अपनी दिनचर्या की भांति वह जंगल में शिकार के लिए निकला। लेकिन दिनभर बंदी गृह में रहने के कारण भूख-प्यास से व्याकुल था। शिकार करने के लिए वह एक तालाब के किनारे बेल-वृक्ष पर पड़ाव बनाने लगा। बेल वृक्ष के नीचे शिवलिंग था जो विल्वपत्रों से ढका हुआ था। शिकारी को उसका पता न चला।

पड़ाव बनाते समय उसने जो टहनियाँ तोड़ीं, वे संयोग से शिवलिंग पर गिरीं। इस प्रकार दिनभर भूखे-प्यासे शिकारी का व्रत भी हो गया और शिवलिंग पर बेलपत्र भी चढ़ गए। एक पहर रात्रि बीत जाने पर एक गर्भिणी मृगी तालाब पर पानी पीने पहुँची। शिकारी ने धनुष पर तीर चढ़ाकर ज्यों ही प्रत्यंचा खींची, मृगी बोली, 'मैं गर्भिणी हूँ। शीघ्र ही प्रसव करूँगी। तुम एक साथ दो जीवों की हत्या करोगे, जो ठीक नहीं है। मैं बच्चे को जन्म देकर शीघ्र ही तुम्हारे समक्ष प्रस्तुत हो जाऊँगी, तब मार लेना।' शिकारी ने प्रत्यंचा ढीली कर दी और मृगी जंगली झाड़ियों में लुप्त हो गई।

कुछ ही देर बाद एक और मृगी उधर से निकली। शिकारी की प्रसन्नता का ठिकाना न रहा। समीप आने पर उसने धनुष पर बाण चढ़ाया। तब उसे देख मृगी ने विनम्रतापूर्वक निवेदन किया, 'हे पारधी! मैं थोड़ी देर पहले ऋतु से निवृत्त हुई हूं। कामातुर विरहिणी हूँ। अपने प्रिय की खोज में भटक रही हूँ। मैं अपने पति से मिलकर शीघ्र ही तुम्हारे पास आ जाऊँगी।' शिकारी ने उसे भी जाने दिया। दो बार शिकार को खोकर उसका माथा ठनका। वह चिन्ता में पड़ गया। रात्रि का आखिरी पहर बीत रहा था। तभी एक अन्य मृगी अपने बच्चों के साथ उधर से निकली। शिकारी के लिए यह स्वर्णिम अवसर था। उसने धनुष पर तीर चढ़ाने में देर नहीं लगाई। वह तीर छोड़ने ही वाला था कि मृगी बोली, 'हे पारधी!' मैं इन बच्चों को इनके पिता के हवाले करके लौट आऊँगी। इस समय मुझे शिकारी हँसा और बोला, सामने आए शिकार को छोड़ दूँ, मैं ऐसा मूर्ख नहीं। इससे पहले मैं दो बार अपना शिकार खो चुका हूँ। मेरे बच्चे भूख-प्यास से तड़प रहे होंगे। उत्तर में मृगी ने फिर कहा, जैसे तुम्हें अपने बच्चों की ममता सता रही है, ठीक वैसे ही मुझे भी। इसलिए सिर्फ बच्चों के नाम पर मैं थोड़ी देर के लिए जीवनदान माँग रही हूँ। हे पारधी! मेरा विश्वास कर, मैं इन्हें इनके पिता के पास छोड़कर तुरन्त लौटने की प्रतिज्ञा करती हूँ।

मृगी का दीन स्वर सुनकर शिकारी को उस पर दया आ गई। उसने उस मृगी को भी जाने दिया। शिकार के अभाव में बेल-वृक्षपर बैठा शिकारी बेलपत्र तोड़-तोड़कर नीचे फेंकता जा रहा था। पौ फटने को हुई तो एक हृष्ट-पुष्ट मृग उसी रास्ते पर आया। शिकारी ने सोच लिया कि इसका शिकार वह अवश्य करेगा। शिकारी की तनी प्रत्यंचा देखकर मृगविनीत स्वर में बोला, हे पारधी भाई! यदि तुमने मुझसे पूर्व आने वाली तीन मृगियों तथा छोटे-छोटे बच्चों को मार डाला है, तो मुझे भी मारने में विलम्ब न करो, ताकि मुझे उनके वियोग में एक क्षण भी दुःख न सहना पड़े। मैं उन मृगियों का पति हूँ। यदि तुमने उन्हें जीवनदान दिया है तो मुझे भी कुछ क्षण का जीवन देने की कृपा करो। मैं उनसे मिलकर तुम्हारे समक्ष उपस्थित हो जाऊँगा।

मृग की बात सुनते ही शिकारी के सामने पूरी रात का घटनाचक्र घूम गया, उसने सारी कथा मृग को सुना दी। तब मृग ने कहा, 'मेरी तीनों पत्नियाँ जिस प्रकार प्रतिज्ञाबद्ध होकर गई हैं, मेरी मृत्यु से अपने धर्म का पालन नहीं कर पाएँगी। अतः जैसे तुमने उन्हें विश्वासपात्र मानकर छोड़ा है, वैसे ही मुझे भी जाने दो। मैं उन सबके साथ तुम्हारे सामने शीघ्र ही उपस्थित होता हूँ।' उपवास, रात्रि-जागरण तथा शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ने से शिकारी का हिंसक हृदय निर्मल हो गया था। उसमें भगवद् शक्ति का वास हो गया था। धनुष तथा बाण उसके हाथ से सहज ही छूट गया। भगवान शिव की अनुकम्पा से उसका हिंसक हृदय कारुणिक भावों से भर गया। वह अपने अतीत के कर्मों को याद करके पश्चाताप की ज्वाला में जलने लगा।

थोड़ी ही देर बाद वह मृग सपरिवार शिकारी के समक्ष उपस्थित हो गया, ताकि वह उनका शिकार कर सके, किन्तु जंगली पशुओं की ऐसी सत्यता, सात्विकता एवम् सामूहिक प्रेमभावना देखकर शिकारी को बड़ी ग्लानि हुई। उसके नेत्रों से आँसुओं की झड़ी लग गई। उस मृग परिवार को न मारकर शिकारी ने अपने कठोर हृदय को जीव हिंसा से हटा सदा के लिए कोमल एवम् दयालु बना लिया। देवलोक से समस्त देव समाज भी इस घटना को देख रहे थे। घटना की परिणति होते ही देवी-देवताओं ने पुष्प-वर्षा की। तब शिकारी तथा मृग परिवार मोक्ष को प्राप्त हुए।

क्या है शिवलिंग

शिव पुराण में वर्णित है कि शिवजी के निराकार स्वरुप का प्रतीक 'लिंग' शिवरात्रि की पावन तिथि की महानिशा में प्रकट होकर सर्वप्रथम ब्रह्मा और विष्णु के द्वारा पूजित हुआ था। वातावरण सहित घूमती धरती या अनंत ब्रह्माण्ड का अक्स ही लिंग है । इसलिए इसका आदि व अंत भी देवताओं तक के लिए अज्ञात है । सौरमंडल के ग्रहों के घूमने की कक्षा ही शिव के तन पर लिपटे सर्प हैं । मुण्डकोपनिषद के अनुसार सूर्य, चन्द्रमा और अग्नि ही उनके तीन नेत्र हैं । बादलों के झुरमुट जटाएं ,आकाश जल ही सिर पर स्थित गंगा और सारा ब्रह्माण्ड ही उनका शरीर है। शिव कभी गर्मी के आसमान की तरह अर्थात चांदी की तरह दमकते , तो कभी सर्दी के आसमान की तरह मटमैले होने से भभूत लपेटे तन वाले हैं । यानि शिव सीधे-सीधे ब्रह्माण्ड या अनंत प्रकृति की ही साक्षात मूर्ती हैं। मानवीकरण में वायु प्राण ,दस दिशाएं पंचमुखी महादेव के दस कान, हृदय सारा विश्व , सूर्य नाभि या केंद्र और अमृत यानि जलयुक्त कमंडल हाथ में रहता है। शून्य, आकाश , अनंत, ब्रह्माण्ड और निराकार परम पुरुष का प्रतीक होने से इसे लिंग कहा गया है। स्कन्द पुराण में कहा है कि आकाश स्वयं लिंग है,धरती उसका पीठ या आधार है और सब अनंत शून्य से पैदा हो उसी में लय होने के कारण इसे लिंग कहा गया है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) 16 मार्च 2021 की राज्यसभा ने गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधयेक, 2020 पारित किया। इस विधयेक में गर्भपात की सीमा बढ़ाकर कितने सप्ताह करने का प्रावधान है?
2) 19 फरवरी 2021 को एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम्स हेलिना और ध्रुवास्त्र का सफल प्रयोक्ता परीक्षण हुआ। इसे किसके द्वारा विकसित किया गया है?
3) 7 अप्रैल 2021 को संपूर्ण विश्व में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। वर्ष 2021 में इस दिवस की थीम क्या थी?
4) 19 फरवरी 2021 को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में किस बल को 'राष्ट्र प्रथम- 82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' पुस्तक का विमोचन किया?
5) 23 जनवरी 2021 को केन्द्र सरकार द्वारा किसे व्यक्तिगत श्रेणी में आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2021 के लिए चुना गया?

उत्तरमाला- (1) 24 सप्ताह (2) डीआरडीओ (3) सभी के लिए एक निष्पक्ष और स्वस्थ दुनिया का निर्माण करना (4) सीमासुरक्षाबल (5) डॉ. राजेन्द्र कुमार भंडारी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 320 - चंद्रगुप्त प्रथम को पाटलीपुत्र का शासक बनाया गया। 1854 : झांसी पर ईस्ट इंडिया कंपनी का कब्जा। 1931 : देश के महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद ने ब्रिटिश पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तारी से बचने के लिए इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में खुद को गोली मार ली। 1953 : अंग्रेजी भाषा को आने वाली पीढ़ियों के लिए आसान बनाने के इरादे से ब्रिटेन की संसद में 'स्पैलिंग बिल'' का प्रस्ताव पेश किया गया। 1990: अगस्त महीने में इराक द्वारा कुवैत पर हमले के बाद यहां अमेरिका ने दखल दिया था। 1991 : अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने फारस खाड़ी युद्ध में जीत दर्ज करने की घोषणा के साथ ही युद्धविराम का ऐलान किया। 1999 : नाइजीरिया में 15 साल में पहली बार असैन्य शासक चुनने के लिए मतदान. बड़ी संख्या में लोग वोट डालने पहुंचे। 2002 : गुजरात के अहमदाबाद जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस को भीड़ ने गोधरा स्टेशन पर आग के हवाले किया. 59 कार सेवकों की मौत। 2009 : अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ऐलान किया कि इराक से अगस्त 2010 तक तमाम लड़ाकू सेनाओं को हटा लिया जाएगा और शेष सैनिक 2011 के अंत तक घर लौट जाएंगे। 2010: नानाजी देशमुख का निधन हुआ। 2010 : चिली में 8.8 की तीव्रता का भीषण भूकंप और सुनामी से तटीय इलाकों में भारी तबाही. इसे पिछले 50 साल में इलाके का सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रूस और यूक्रेन

रूस और यूक्रेन की पार्लियामेंट, सरकार और आर्मी में अगर औरतों की संख्या पुरुषों के बराबर होती तो शायद युद्ध टल सकता था। यूक्रेन ही क्यों, दुनिया भर में युद्धोन्माद पर लगाम लग सकता है अगर हर जगह स्त्रियों को पुरुषों के बराबर अवसर दिए जाएं।

- मोनिका भारद्वाज

अब दोपहर में

अब दोपहर में चाय के कप कुछ ज्यादा गर्म लगने लगे हैं मन में सपने उठने लगे हैं तपती दोपहरी हो सड़क किनारे खुला हुआ बड़ा सा छप्पर हो छप्पर के भीतर रस की चरखी हो पोदिना नींम्बू काला नमक मिला गन्ने का रस हो। और रह रह कर चलती हवा हो जो रास्ते की थकान को गन्ने के रस की ठंडक के साथ दूर कर दे। और देदे दो पल सुकुन के।

- नवीन शंकर शर्मा

खास पाती |

निमंत्रण का गान भूल धर



निमंत्रण का गान भूल धर उर में अमर सेनानी , बैठ डाल पर मूक पपीहा देख रहा मनमानी। समीर शज़र पर समर जीत जब मधुमास लायेगा , खोल ग्रीवा ,पुरज़ोर स्वर से यशोगान गायेगा । कूकेगा अब नहीं , पिया, सरहद पर है जानें है, विष-बयार में टीस घोलना उचित नहीं मानें है ! प्रिये मिलन की परिभाषाऐं बदल गई खग-मन में , मूक-वेदन में आंदोलन संचित अब खंजन में। त्याग प्रणय का पढ़ पाओ तो पढ़ लो,ओ राजाओं! कानन की लूटी खुशियों से आँगन नहीं सजाओ । मधुमास में ख़ास चिरैया शाख पर क्यूँ मनमारे ? तज प्रतीक्षा, मधुर मिलन की,आँख में भर अंगारें ! मधुवन में मधुमास भले , पर रोता अंतर्मन है ! शोणित से सिंचित पातों पर हँसता कब कानन है? गलेबाज़, क्यों मूक पपीहा लाम सजाने वालों सुनों,मूक की कुहुक,अरे ओ! कानन के रखवालों ।

- पंकज कुमार बसंत

बचा नहीं है स्वाभिमान भूले हम सब

बचा नहीं है स्वाभिमान भूले हम सब आत्मज्ञान कोई विश्वासों के योग्य नहीं बन बैठे हैं सभी महान। भ्रष्ट हुई है देश की राजनीति कैसे हो अब ऐसे में उन्नति नेतृत्व करने वाला ही दोषी कैसे होगा सब प्रगति मान। नैतिक मूल्य बचे नहीं स्वार्थ में गुम हुए कहीं उच्च आदर्श सब मिट गए सबको है इसका अब भान। मृदु बानी जिह्वा पर रही नहीं सब खुशी से रहें नही यह मंत्र स्वार्थ घिनौना घर कर गया दुर्गुण दूर हो ऐसा करें हवन। देश की माटी बने चंदन जब हो सपूतों का वंदन इस तरह खुशहाली आएगी सब गाएंगे मिलकर राष्ट्रगान। अपने राष्ट्र का करें अभिनंदन मनगढ़ंत इतिहास का हो खंडन जातियों का उन्माद बढ़ रहा इसे रोक करें सब गठबंधन।

-रश्मि ठाकुर

अपने भूखे बच्चों का पेट भरने

अपने भूखे बच्चों का पेट भरने के लिए उसने अपने दिल के कई हिस्से काटे होंगे उम्र के हर एक पड़ाव पर उसने ममता के फूल तुम सबों में बांटे होंगे कब तक उतार पाओगे कर्ज माँ का ,सुन लो कोई एक कांटा भी ना चुभने पाए मासूमों के पैरों में उसने वो काटें अपनी पलकों से छाटें होंगे। **- परवीन माटी**

अटका बादल मन कहीं नहीं

अटका बादल मन कहीं नहीं भटका ऊपर एक बादल अटका है जो तुझ को छू कर आया मेरे मन के आँगन में बरसा है चाँद भी कहीं नहीं भटका दिल के आसमाँ में लटका है तेरे मन को छू कर आया मेरे तन के आँगन में चमका है।

- अनिता कपूर

मैं तब तक ख्वाबो के पीछे

मैं तब तक ख्वाबो के पीछे भागना चाहता हूं जब तलक मुझे हकीकत ज्यादा दिलकश ना लगने लगे। मैं तब तक सफर करना चाहता हूं जब तलक पांवो की थकन मुझे जहां पर हूँ वही पर रुक कर बैठने को ना कह दे। मैं किसी के हर झूठे सच्चे रुख से महोब्बत करना चाहता हूं। जब तलक मुझे उसके किसी भी झूठ और सच से नफरत ना हो जाये जीवन संघर्ष की नही निष्कर्ष की दौड़ है।। और निष्कर्ष बिना संघर्ष के संभव नही। **- कुलदीप वर्मा**

कभी चाँद तारे रिझाते हमें है कभी

कभी चाँद तारे रिझाते हमें है। कभी राज रजनी बताते हमें हैं। किया राज शादी जवानी उमर थी। कहर कैकशा मन दिवानी पहर थी। उन्हें थी ज़रूरत मुझे थी ज़रूरत। सफ़र एक था मंजिले खूबसूरत। **- राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढी**

अफसरों पर रबी फसल के लिए आवंटित बीज बेचने का आरोप

देवभोग/नवप्रदेश। रबी फसल को बढ़ावा देते किसानों की आय में वृद्धि के लिए राज्य और केंद्र सरकार कई तरह की योजना संचालित कर रही है। लेकिन अफसोस की बात है यह योजना शत-प्रतिशत ब्लॉक के किसानों तक पहुंचने से पहले ही बंदरबांट की बलि चढ़ जा रही है। यही वजह है कि कागजी वितरण का 50 प्रतिशत फसल उत्पादन नहीं हो पाती। बीते वर्ष राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन अंतर्गत क्षेत्र में सैकड़ों हेक्टेयर पर प्रदर्शन के लिए चना, मसूर, उड़द, मटर, मूंगफली सहित अन्य बीज आवंटित किया गया था। मगर 20 से 30 प्रतिशत आवंटित बीज को किसानों में वितरण कर बचत बीज को मार्केट में खपाने का आरोप लगाया जा रहा है। तभी चयनित सीनापाली गिरसूल सहित अन्य गांव पर इसका उत्पादन देखने को नहीं मिलता। जबकि हजारों एकड़ खेती के लिए सैकड़ों क्विंटल बीज भेजा जाता है ताकि सब्सिडी में लेकर किसान रबी फसल में भी अपनी आमदनी बढ़ाए, लेकिन कृषि विभाग जिम्मेदार की लालसा से किसानों की आमदनी तो दूर रबी फसल तक नहीं लगा पाते। क्योंकि जब किसान रबी फसल बीज के लिए पहुंचते हैं तो आजकल में वितरण बता कर घुमा दिया जाता है। किसान कार्यालय के चक्कर लगाने से हताश बीज की उम्मीद छोड़ देते हैं। बताया जाता है की आरईओ अपने-अपने क्षेत्रों में करीबियों के घर पर बीज रखते हैं और गिने-चुने किसानों को वितरण कर बचे बीज को ऊंचे दाम पर मार्केट के साहूकारों के पास बेच कर मालामाल हो जाते हैं। जिसके खिलाफ कृषि कार्यालय में हंगामा के साथ शिकायत दर्ज होती है। मगर शिकायत किसान और स्थानीय अधिकारी तक सिमट कर रह जाती है। तभी मामले पर कार्यवाही की जगह मामला को आसानी से रफा-दफा कर दिया जाता है। फसल उत्पादन में ब्लॉक बिछड़ता जा रहा है। क्योंकि सरकार कि रबी फसल बीज किसानों तक नहीं पहुंच पाती और मार्केट से लेकर फसल उत्पादन करना प्रत्येक किसानों के बस की बात नहीं होती। हालांकि बीच में बंदरबांट को लेकर अब कुछ जनप्रतिनिधि कलेक्टर से शिकायत कर जांच कर कार्यवाही की मांग करेंगे।

बीज आवंटित पर एक नजर

बीज	हेक्टेयर	आवंटित क्विंटल
चना	100 हेक्टेयर	75 क्विंटल
मूंग	120 हेक्टेयर	24 क्विंटल
मटर	110 हेक्टेयर	8 क्विंटल
मसूर	100 हेक्टेयर	40 क्विंटल
मूंगफली	40 हेक्टेयर	40 क्विंटल
उड़द	125 हेक्टेयर	24 क्विंटल

> रबी फसल के लिए बीज वितरण किया गया है। कुछ किसानों ने बीज का उपयोग किया है कुछ खाने के लिए इस्तेमाल कर लेते हैं।
>
> **जेएल नाग,** कृषि अधिकारी देवभोग

5 लाख 35 हजार 517 का बनाया आयुष्मान कार्ड

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के लिए बहुउद्देशीय एवं हितग्राही मूलक विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है, जो राज्य के प्रत्येक जिलों में संचालित है। इन्ही योजनाओं के अन्तर्गत जिला बेमेतरा मे स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित योजनाएं भी चलाई जा रही है। जिसमें हाट बाजार योजना अंतर्गत बेमेतरा जिले में कुल 47 हाट बाजार क्लिनिक संचालित है। जिसका दैनिक ओपीडी 131 है, जो कि राज्य के समस्त जिलों में प्रथम स्थान पर है। इस योजना के तहत अब तक कुल 130364 मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया है। डॉ खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता एवं आयुष्मान भारत योजना-जिले में इस योजना के तहत 2 लाख 7 हजार 727 परिवारों मे 5 लाख 35 हजार 517 हितग्राहियों का डॉ. खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता एवं आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जा चूका है, जो कि राज्य में 10 वे स्थान है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर जिले में 110 स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के रूप में

चिन्हांकित है, जिसमे से 106 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर क्रियाशील है जो कि राज्य में द्वितीय स्थान पर है। कायाकल्प योजना - जिले में कायाकल्प योजना अंतर्गत जिला चिकित्सालय बेमेतरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरबीजा, परपोडी, आनंदगांव, गुधेली, कुसमी एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र करचुवा, बदनारा, भटगांव को कायाकल्प अवार्ड मिला है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस)- बेमेतरा जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरबीजा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित किया गया है। मलेरिया कार्याक्रम - जिला बेमेतरा मे मलेरिया कार्यक्रम अंतर्गत एक लाख 47 हजार 571 लक्ष्य के विरूद्ध एक लाख 43 हजार 115 (97 प्रतिशत) हितग्राहियों का मलेरिया जांच किया गया है। पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम-जिला बेमेतरा पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत लक्ष्य 690 के विरूद्ध 642 (93 प्रतिशत) टी.बी. मरीजों का चिन्हांकन किया गया है एवं यूडीएसटी जांच 398 किया गया है जो राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। क्रियाशील प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-जिला बेमेतरा में कुल 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में (85 प्रतिशत) में 10 प्रतिशत से अधिक प्रसव कराया जाता है।

न्यूज गैलरी

जन्मदिवस के अवसर पर बधाई कार्यक्रम का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। देवांगन समाज के सचिव ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चंद्रशेखर देवांगन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बधाई कार्यक्रम का भव्य आयोजन ग्राम मॉठ में स्थित हरियाला ढाबा में किया गया था। आयोजन स्थल हरियाला ढाबा में क्षेत्रीय विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा छत्तीसगढ़ कांगेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला जिलाध्यक्ष ग्रामीण रायपुर कांग्रेस कमेटी उद्यो राम वर्मा ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी खरोरा सौरभ विश्वनाथ मिश्रा जेल संदर्शक सदस्य एवं डिजिटल सदस्यता अभियान के धरसींवा विधान सभा के प्रभारी डॉ कमलनयन पटेल प्रभारी महामंत्री किसान कांग्रेस छत्तीसगढ़ सद्धार्थ चंद्रा प्रदेश महासचिव रविन्द्र बबलू भाटिया आदि कांग्रेस नेता की गरिमयी उपस्थिति में चंद्रशेखर देवागन का जन्मदिन मनाया गया ।

स्वच्छता के प्रति जागरुकता की एक नई लहर उठने लगी

खरोरा/नवप्रदेश। गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता की एक नई लहर उठने लगी है। जो काम वहां अब तक नहीं हुए थे, वो अब हो रहे हैं। बड़ी तादाद में गांव शौचालयों से युक्त लोगों की समझ में आने लगी है- सबसे बड़ी बात जो बीते वर्षों में हुई है, वो लोगों को अच्छी तरह समझ में आ रहा है कि खुले में शौच करना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। स्वास्थ्य शिक्षा व साफ-सफाई को लेकर मुसवाडीह के सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा ग्रामीणों को जागरूकता कर रहे हैं। इसके अलावा स्वयं की खर्च पर ग्रामीण बुजुर्गों को छड़ी चल ना पाने वाले को विलचेयर कान से कम सुन ने वालों 6 बुजुर्गों को मशीन आदि वितरण किया गया। सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा का कहना है की योजनाओं के तहत तो हर जनप्रतिनिधि जनता को शासन का लाभ दिलाते है पर योजनाओं से अलग छोटी बड़ी आवश्यकता को पूरा करना ही असली जनप्रतिनिधि होता है।

दिव्यांग को मिला ट्राई साइकिल

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार नामदेव ने मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर बोड़ला ब्लॉक के खण्डसरा निवासी धर्मेंद्र सतनामी पिता रामप्रसाद सतनामी की दिव्यांग (चलने संबंधी विकलांगता) की सूचना मिलने एवं आवेदन प्राप्त होने पर हरीश सक्सेना-उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग कबीरधाम से बात करके तत्काल रूप से ट्राईसायकिल उपलब्ध कराया। युवा नेता नामदेव लगातार क्षेत्र के लोगों की समस्याओं एवं मांगों को सक्रिय रूप से पूरा कराने एवं लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं।

सात दिवसीय क्रिकेट मैच का हुआ समापन

भाटापारा /नवप्रदेश। टेहका ग्राम के युवाओं द्वारा आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्राम कलमीडीह की टीम विजेता रही। वहीं माचाभाठ की टीम उपविजेता रही, जिसे उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम टेहका में हुए प्रतियोगिता में 32 टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच कलमीडी एवं माचाभाट के बीच खेला गया जिसमें कलमीडीह की टीम ने सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि रीखी राम, उपसरपंच चंदूलाल वर्मा विशिष्ट अतिथि समाज सेवक एवं मीडिया प्रभारी नंदू साहू उपस्थित थे। श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा खेल जीवन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमें खेल हार जीत की परवाह किये बगैर अनुशासन में रहकर खेल खेलना चाहिए और जीत मिलने पर अत्यधिक उत्साह नहीं होना चाहिए और हारने पर निराश नहीं होना चाहिए। हमेशा निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

नवा जतन उपचारात्मक प्रशिक्षण संपन्न

कवर्धा/नवप्रदेश। संकुल स्तरीय नवॉ जतन उपचारात्मक प्रशिक्षण 2022 संकुल पिपरिया, कोको व पंडरिया का संयुक्त प्रशिक्षण संकुल केंद्र पिपरिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुई जिसमें तीनों संकुल के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक शामिल हुए। संकुल समन्वयक महेंद्र जॉगड़े, जलेश्वर साहू, शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा नवा जतन उपचारात्मक प्रशिक्षण में इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी, कोरोना काल में बच्चे की शिक्षा स्तर में सुधार करना, सीखना को कैसे सीखते हैं, सी-6 सोच, बच्चों को सीखने व सीखाने वाली भावी व व्यापक रणनीति इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।

राज्य के विकास में सहभागिता और नेतृत्व देने की योजना है राजीव युवा मितान क्लब : शाहिद

■ **महिला सशक्तीकरण व विचारशील सोच का उदाहरण भी है योजना**

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बालोद एवं मोहला मानपुर जिले के प्रभारी शाहिद भाई ने छग सरकार की युवाओं के लिए लागू की गई योजना राजीव युवा मितान क्लब के संबंध में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने न्याय योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अभिनव व मजबूत योजनाएं लाने वाली पहली राज्य सरकार है और अब राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर और नगर निगम, पालिका, पंचायत में जनसंख्या के अनुपात में वार्ड स्तर पर क्लब गठित करने की कार्य योजना प्रारंभ कर दी है। छग सरकार की यह भी मंशा है कि विकास की मुख्यधारा में युवाओं की सोच और प्रगतिशील विचारों की सहभागिता से उनके नेतृत्व क्षमता को जागृत कर राज्य के सर्वांगीण विकास में युवाओं की महती भूमिका को शामिल करना है, ताकि युवा स्वावलंबी होकर कुरीतियों, कुपोषण, सामाजिक असमानता को समाप्त कर राज्य के आर्थिक विकास की गतिविधियों में भाग लें सके। योजना में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के युवाओं जिनकी संख्या कम से कम 20 और अधिकतम 40 होगी जिसमें एक तिहाई महिलाएं भी अनिवार्य है जो शिक्षा, स्वास्थ, सांस्कृतिक के द्वारा स्वस्थ समाज में सहभागिता निभा सके। क्लबों के राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवा कर सरकार एक वित्तीय वर्ष में एक लाख का अनुदान 4 किश्तों में प्रदान करेगी जिससे राजीव गांधी मितान क्लब अपने कार्य क्षेत्र स्तर पर विकास के साथ-साथ बौद्धिक एवं प्रगतिशील कार्य योजनाओं को लागू कर अन्य युवाओं को सही दिशा में लाकर उन्हें भी विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का काम करेगी। प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ने अन्त में कहा कि राजीव युवा मितान क्लब में एक तिहाई महिलाओं की सहभागीता सरकार की महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा का ज्वलंत उदाहरण है।

रक्से में संपन्न हुआ एक दिवसीय मानस संगोष्ठी

कवर्धा/नवप्रदेश। तुलसी मानस प्रतिष्ठान कवर्धा के तत्वावधान में ग्राम रक्से से संचालित आदर्श श्री रामभक्त मानस परिवार रक्से व समस्त ग्रामवासी रक्से के सहयोग से एक दिवसीय मानस संगोष्ठी का भव्य आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष शीतल साहू एवं जिला महामंत्री बालाराम साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मानस गान शुभारंभ किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मंडलियां जिनमें बिरेश्वर मानस मण्डली रक्से, आंजनेय मानस मंडली बागबाहरा, हे शारदे बालिका मानस मण्डली रणजीतपुर, श्री रामदास मानस मण्डली बंदौरा, श्री नूतन मानस मण्डली टोकरो, व सन्तोषी महिला मानस मण्डली बनबोड की प्रस्तुति सम्पन्न हुआ। रात्रि 7 से 8 बजे आदर्श श्री रामभक्त मानस परिवार रक्से के द्वारा ग्रामीण प्रतिभावान सम्मान समारोह का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ जिसमें ग्राम के अच्छे कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

कलेक्टर ने राजस्व शिविर में नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर किया निराकरण

■ **शिविर में किसानों को ऋण पुस्तिका और किसान किताब का किया वितरण**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में राजस्व शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को राजस्व सहित अन्य कार्य के लिए भटकना न पड़े और उनके कार्य तत्काल पूरा हो सके। इसी कड़ी में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में लगाए गए राजस्व शिविर में पहुंचे। उन्होंने वहां स्वयं नागरिकों से आवेदन लिए और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने लोगों की समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित किसानों को ऋण पुस्तिका, किसान किताब वितरित किया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनके पास उपलब्ध जमीन, धान विक्रय, राशि भुगतान तथा फसल उत्पादन की जानकारी ली। मुड़पार के किसान दिलीप कुमार कंवर ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ में धान फसल उत्पादन कर विक्रय किया है। जिसका भुगतान प्राप्त हो गया है। वर्तमान में चना की फसल ले रहे हैं। इस दौरान कलेक्टर ने राजस्व शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर बंटवारा, सीमांकन, नामांकन, फौती से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली।

स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए मसाला तथा पैकेजिंग के लिए यूनिट लगाने के दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत 3 करोड़ 76 लाख 70 हजार रूपए की लागत से निर्मित एकीकृत सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र होगा।

यहां महिलाएं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कर सकेंगी। उन्होंने एकीकृत सुविधा केन्द्र में स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए मसाला तैयार करने तथा पैकेजिंग के लिए यूनिट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके बाद आगामी समय में महिलाओं को जोड़ते हुए औद्योगिक दृष्टि से बड़ी यूनिट लगाई जाएगी। जिससे एक साथ बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि यहां तैयार मसाले को आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, आश्रम एवं छात्रावास में विक्रय किया जाए। उन्होंने कहा कि मसाले उच्च गुणवत्ता पूर्ण तथा बाजार में मिलने वाली मसालों की कीमत से कम रहे।

केशलमरा में रूद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम केशलमरा में रूद्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। यह आयोजन परम पूज्य श्रीमतपरमहंस स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज के सुखद सानिध्य एवं मार्गदर्शन में बाबूराम चंद्राकर के धर्म पत्नी स्वर्गीय शिवबती चंद्राकर के पावन स्मृति में 21 से 27 फरवरी तक आयोजित किया गया है। रूद्र चंडी महायज्ञ प्रातः 9 बजे से अपराहन 12 बजे तक एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा अपरान्ह 2 बजे से सायं 5:30 बजे तक कथा व्यास आचार्य पंडित कमलाकांत पांडे महाराज कोरबा के अमृतवाणी से नियत समय में प्रतिदिन दिया जा रहा है।यज्ञ आचार्य पंडित श्री रवि शंकर मिश्र कोरबा उप दृष्टा पंडित बसंत शुक्ला दुल्लापुर प्रायणकर्ता पंडित शिव सेवक मिश्र बनारसी महाराज है रूद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन बाबूराम चंद्राकर केशलमरा के द्वारा संयोजक डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर, विद्याधर चंद्राकर, मधुसूदन चंद्राकर, शेष नारायण चंद्राकर एवं समस्त परगनिहा परिवार के द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के यजमान शेषनारायण चंद्राकर स्पत्निक श्रद्धा भावना से बैठे हुए है रूद्र चंडी महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन के साथ ही साथ आसपास के ग्रामों में श्रद्धामय भक्तिमय वातावरण बना हुआ है ।

जनपद अध्यक्ष के समर्थन में आया साहू समाज

भाटापारा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अध्यक्ष संगीता मनोहर साहू के खिलाफ आये अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए पूरा साहू समाज जनपद अध्यक्ष के पक्ष में खड़ा हो गया है और समाज की महिला जनप्रतिनिधि को अपदस्थ करने की पर्दे के पीछे की चाल की भर्त्सना की है। विदित हो कि भाटापारा जनपद पंचायत में साहू समाज की महिला जनप्रतिनिधि संगीता मनोहर साहू अध्यक्ष के पद पर सत्तारूढ़ है। पूरे जिले के 6 ब्लाकों में मात्र एक ही स्थान पर लगभग 2 दसक बाद काबिज हुई जनपद अध्यक्ष को पद से हटाने एक मुहिम के तहत कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के चलते प्रयासरत है जिसकी पूरे साहू समाज ने एक स्वर में कड़ी निंदा करते हुए इसे साहू समाज को नीचा दिखाने की चाल बताया है।साहू समाज के वरिस्ठ सामाजिक पदाधिकारियो ने समवेत स्वर में कहा है कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 45 हजार के आसपास साहू मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं वहीं इस जिले में 6 विकासखण्डों में से सिर्फएक मात्र भाटापारा विकासखण्ड में प्रदेश पिछड़ावर्ग कांग्रेस की पूर्व सचिव,जिला साहू संघ की पूर्व उपाध्यक्ष के साथ विकासखण्ड के सबसे बड़े गांव में सुमार तरेंगा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच रह चुकी संगीता साहू के जनपद अध्यक्ष बनने से पूरे समाज मे हर्ष व्याप्त था,वही कुछ लोग अपने स्वार्थ को पूरा ना होते देख समाज की महिला को बदनाम करने की नीयत से ऐसी घिनोनी हरकत कर रहे हैं जिसे साहू समाज किसी भी हाल में बर्दास्त नही करेगा।

नवविवाहिता को बदनाम करने अश्लील मैसेज करने वाले दो गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। 14 फरवरी को एक पीड़िता थाने पहुंचकर बताया कि उसका विवाह बामुश्किल 20 दिन हुए है। बेमेतरा क्षेत्र से विवाह होकर लोहारा क्षेत्र मे आई है जब से उसके विवाह की बात शुरू हुई थी तब से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थीया के चरित्र के प्रति गंदी गंदी बातें लिखकर विभिन्न मोबाइल नंबरों से उसके पति के मोबाइल पर भेज रहा है जिससे उसका पारिवारिक, सामाजिक एवं मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मुख्य आरोपी लुकेश साहु पिता धर्मेन्द्र साहु 21 साल साकिन तेन्दुआ नवापारा थाना साजा जिला बेमेतरा को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पहले तो पुलिस को गुमराह करता रहा, बारिकी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि पूर्व से पीड़िता से उसकी जान पहचान थी और वह पीड़िता से एकतरफा प्रेम करने लगा। इसी दौरान पीड़िता की सगाई हो गयी जो उसे बर्दाश्त नहीं हुआ और उसे बदनाम कर शादी तोड़ने के लिए साजिश रही। ग्राम बीजा में मोबाइल दुकान चलाने वाले अपने पुराने मित्र दौलत रजक पिता विनोद रजक 22 साल निवासी बीजा से संपर्क कर अपने इस करतूत में शामिल कर 5 नए सीम कार्ड की व्यवस्था करने बताया तो दौलत रजक अपने मोबाइल दुकान का फायदा उठाते हुए 5 ग्रामीण जो उसके पास सीम खरीदने आये थे उनकी आईडी फोटो एवं धोखा से बायोमेटिक मशीन में थम्ब लेकर सीम एक्टीवेट कर लिया और उन सीमों को आरोपी को दे दिया। आरोपी ने अलग अलग मोबाइल में डालकर प्रार्थीया के पति एवं परिवार वालों को चरित्र हनन करते हुए अश्लील संदेश भेजने लगा, साथ ही स्वयं को बचाने एवं गुमराह करने सीम का उपयोग करते समय प्रार्थीया के बड़े पिता के लड़के का फोटो का उपयोग कर संदेश भेजने लगा जिससे प्रार्थीया के परिवार मे भी अनबन हो ओर उसकी बातों को उसके होने वाले ससुराल वाले बड़ी आसानी से विश्वास कर सके, आरोपी बड़े ही शातिराना तरीके से पीड़िता को बदनाम करने उसकी बसी बसाई जिन्दगी बर्बाद करने अपने साथी सह आरोपी दौलत के साथ मिलकर मैसेज करना बताने पर आरोपी लुकेश साहु के निशानदेही पर मोबाइल 3 नग एवं सहआरोपी दौलत के निशानदेही पर 03 नग मोबाइल एवं बायोमेटिक थम्ब मशीन जब्त किया गया।

नीलगिरी पार्क में खुलेगा सी-मार्ट, आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन की विभिन्न विभागों की योजनांतर्गत संचालित स्व. सहायता समूहों, बुनकरों, शिल्पियों, दस्तकारों, कुंभकारों एवं कुटीर उद्योगों निर्मित उत्पादो का समुचित मूल्य सुनिश्चित करने, व्यवसाय करने एवं नागरिकों को इसका लाभ लिये जाने आधुनिक शो रूम (मार्ट) की तरह सी.मार्ट खोलने राज्य शासन द्वारा निर्देश दिये गये है। निर्देश के क्रियान्वयन की कड़ी में जिलाधीश तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर नीलगिरी पार्क में निर्मित सामुदायिक भवन में सी-मार्ट खोला जाना है। सी-मार्ट खोलने आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया और शासन के गाईड लाईन अनुसार सी-मार्ट निर्माण करने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप जिलाधीश के निर्देश पर नीलगिरी पार्क में निर्मित सामुदायिक भवन में नागरिकों की सुविधा के लिये सी-मार्ट का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस मार्ट में स्व सहायता समूहों, हस्तशिल्प वस्तुएं कुटीर उद्योगों द्वारा छत्तीसढ़ में उत्पादित खाद्य वस्तुओं, रेडीमेड वस्त्र, साबुन अगरबत्ती, हैंडलुम उत्पादन आदि का विक्रय किया जायेगा। सी-मार्ट के माध्यम से विभिन्न स्थानीय स्तर पर उत्पादित समाग्रीयों का प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिग एवं मार्केटिंग में सहयोग किया जायेगा।

गौठान एवं स्व सहायता समूह की गतिविधियों के संचालन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

■ *गौठान में निर्माणाधीन शेड जल्द पूरा करने के दिए निर्देश*

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत निर्मित गौठान तथा वहां महिला स्वसहायता समूह की गतिविधियों के संचालन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सुराजी गांव योजना शासन की फ्लैगशिप योजना है। इसके तहत गौठान का निर्माण किया गया है। जिसमें स्वसहायता समूह की महिलाओं की विभिन्न आर्थिक गतिविधियां संचालित होनी चाहिए। समूह को गतिविधियों के माध्यम से आय होना चाहिए। उन्होंने गौठान में अजीविका मूलक गतिविधियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बकरी पालन, मुर्गी पालन, डेयरी पालन जैसी गतिविधियों से अधिक आय प्राप्त होती है ऐसी गतिविधियां गौठानों में संचालित करें। बाड़ी में सिंचाई के लिए ड्रिप का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठानों में चल रहे निर्माण कार्य जल्द पूरा कर आर्थिक गतिविधियां प्रारंभ करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा स्व सहायता समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं का क्रय छात्रावास, आंगनबाड़ी, स्कूल, आश्रम में करने के निर्देश दिए गए है। यहां कोई भी सामान बाहर से क्रय नहीं किया जाना चाहिए। एसडीएम सभी हास्टल अधीक्षक, सीडीपीओ, संकुल प्रभारी की बैठक लेकर स्वसहायता समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं को क्रय करने के लिए निर्देशित करें। जिससे समूह द्वारा उत्पादित सामानों का विक्रय होगा और लाभ

मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए माइक्रो प्लान तैयार करें। प्रत्येक आश्रम, छात्रावास, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र के आवश्यकतानुसार स्व सहायता समूह से सामग्री की मांग की सूची तैयार करें। स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित वस्तुओं की बिक्री के लिए सी-मार्ट की स्थापना की जा रही है। उन्होंने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण लगातार होना चाहिए। वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय में तेजी लाए। उन्होंने कहा कि गौठान के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी गौठानों का भ्रमण करें और वहां बाड़ी, वर्मी कम्पोस्ट सहित समूह के आजीविका के लिए संचालित गतिविधियों का अवलोकन करें।

जून में वृहद स्तर पर पौधरोपण

कलेक्टर ने कहा कि माह जून में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाना है। सभी पंचायतों में इसके लिए जगह चिन्हांकित करें। ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर पौधरोपण के लिए स्थान सुरक्षित रखे। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की राशि पंचायतों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर किसान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया जाना चाहिए। जिसमें किसानों को बुलाकर नये फसल के बारे में जानकारी दें। इसी प्रकार विकासखंड और कलस्टर स्तर पर किसान जागरूकता अभियान चलाए। अन्य फसल लेने के लिए खेतों में जाकर प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि जिले में गौठान मेला, राजस्व शिविर लगातार होनी चाहिए। जिसमें नागरिकों के समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए लोगों को जागरूक करें।

मुख्यालय में उपस्थित रहे पटवारी

कलेक्टर ने कहा कि पटवारियों का निर्धारित तिथि एवं समय में हल्का मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें। कार्यालय के बाहर तिथि और समय का उल्लेख होना चाहिए। जिससे नागरिकों को पटवारी के रहने की जानकारी मिले। जिपं सीईओ लोकेश चंद्राकर ने कहा कि तीसरे फेज में नवीन गौठान निर्मित किए जा रहे हैं। वहां गौठान समिति बनाई जाए। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट तथा स्वसहायता समूह की गतिविधियां संचालित करें। उन्होंने कहा कि गौठानों में सभी आय-व्यय का विवरण रजिस्टर में रिकार्ड करके रखें। गौठान में चारागाह के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है। वहां चारा उत्पादन करना सुनिश्चित करें।

मोबाइल चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। मोबाइल चोरी के आरोप में ग्रामीण पुलिस ने एक नवयुवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल जब्त किया है। ग्रामीण थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आहूत समीक्षा मीटिंग में दिए गए निर्देश के पालन में मोबाइल चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी देव नारायण धुरू पिता मोहनलाल ध्रुव निवासी ग्राम सूरजपुरा थाना भाटापारा ग्रामीण का लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके रियल मी कंपनी का मोबाइल कीमती करीब 12000 को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर उक्त चोरी , किए मोबाइल को आरोपी दिनेश पटेल पिता राजेश पटेल 9 वर्ष निवासी ग्राम तरेगा थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से बरामद कर अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

2 सटोरिए पकड़ाए, 16 सौ रुपए जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। साजा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम बोरतरा के आम जगह पर सट्टा पट्टी लिख रहे है आरोपी रूपेन्द्र साहू पिता बरतिया साहू 40 साल निवासी बोरतरा और नोहर साहू पिता परेटन साहू 45 साल निवासी बोरतरा को पकड़ा है। पकड़े गए सटोरियों से नकदी रकम 1600 रू. एवं सट्टा पट्टी को जब्त किया गया।

सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रर्दशनी

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लॉक के देवरबीजा में शनिवार को साप्ताहिक बाजार में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रर्दशनी लगाई गई। जिसमें प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित मासिक पत्रिका जनमन एवं पम्पलेट ब्रोशर का वितरण किया गया। बाजार में आये हेमलाल पांडे, नान्हू राम यादव देवरबीजा, योगेश पटेल ग्राम ह?गाव, मन्तराम सिन्हा धमधा सहित अन्य ग्रामीणों ने आम जनता की भलाई के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, बिजली बिल हाफ, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना आदि कल्याणकारी योजनाओं की आम नागरिकों ने जन उपयोगी बताया।

महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए सांसद

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय सहसपुर लोहारा ब्लाक अंतर्गत ग्राम बनिया के शिव शक्ति विद्या धाम में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान की पूजा-अर्चना कर कथा श्रवण किया। सांसद ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन क्षेत्र में होते रहना चाहिए। इससे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है और लोगों का कल्याण होता है। सांसद ने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य तिलक सेन, शिव परमार, भाजयुमो के मंडल उपाध्यक्ष धनराज सिंह, प्रमोद परमार, अन्य पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

दशगात्र में शामिल हुई भाजपा महिला पार्षद

भटगांव/नवप्रदेश। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामशरण यादव के घर दशगात्र कार्यक्रम में भाजपा बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक लक्ष्मी साहू शामिल हुई और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संवेदना प्रकट करते हुए ढांढ़स बंधाया।

सी-मार्ट से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर होंगे सृजित : प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिपं सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से कहा कि गांवों में महिला समूहों द्वारा बनाये उत्पाद अब सरकार खरीदेगी और उसे आम लोगों को बेचने के लिए हर जिला मुख्यालय में सी मार्ट की स्थापना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने का क्रांतिकारी कदम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया हैं। साथ ही साथ गांव की ही पढ़ी लिखी बेटियों को इस सी मार्ट के संचालन के लिए सरकारी नौकरी भी मिलेगी। अनुबंध करके ऐसे उद्यमी ग्रामीण जो गांवों से महिला समूहों के उत्पाद को जिला मुख्यालय के सी मार्ट तक परिवहन कर सकेंगे, उन्हें भी पूरे 365 दिन काम मिलेगा। गांवों के उत्पाद के विक्रय के लिए शहरों में खुलें सी मार्ट आधुनिक शो रूम की तरह होंगे, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था परिवर्तन में कारगर पहल साबित होगी। इन शोरुम में स्व-सहायता समूहों, बुनकरों, कुम्भकारों और कुटीर उद्योगों के उत्पादों की बिक्री की जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए गांवों में तैयार उत्पादों को शहरों के मार्केट से जोड़ने की नई पहल की हैं। इस योजना के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों, शिल्पियों,

बुनकरों, दस्तकारों, कुम्भकरो को रोजगार भी मुहैया करवाया जाएगा। आधुनिक शोरूम की तरह बने इन सी-मार्ट में पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों का समुचित मूल्य सुनिश्चित किया जाएगा, वहीं इनकी व्यावसायिक ढंग से मार्केटिंग होगी। जशपुर, दंतेवाड़ा जैसे सुदूर वनांचलों के उत्पाद हम अपने जिलें के सी मार्ट में खरीद सकेंगे और वहां के सी मार्ट में हमारे जिलें के उत्पाद भी बिकेंगे। सी-मार्ट की स्थापना से सभी वर्गो के उद्यमियों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सकेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसके लिए प्रथम चरण में सभी जिला मुख्यालयों में नगर निगमों की स्थिति में 8 से 10 हजार वर्ग फुट, नगर पालिकाओं की स्थिति में 6 से 8 हजार वर्ग फुट में आधुनिक शो रूम की तरह सी मार्ट खोलने निर्देश देते हुए तात्कालिक रूप से कार्य आरंभ करने के लिए कहा हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्तमान में उपलब्ध किसी शासकीय भवन का उपयोग करने या जिन स्थानों में उपयुक्त भवन उपलब्ध न हो वहां कलेक्टर, उद्योग विभाग अथवा वन विभाग को अच्छी लोकेशन में आवश्यकतानुसार भूमि आबंटित करने भी निर्देश दिए हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि सरकार की मंशा ग्रामीण स्व सहायता समूह और कुटीर उद्योगों से जुड़े ग्रामीणों को उनके उत्पाद के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, साथ ही साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करना हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने समूह महिलाओ को बताया कि महिला समूहों द्वारा निर्मित एवं अन्य सभी पारंपरिक उत्पादकों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रेन्डिग एवं मार्केटिंग की व्यवस्था के लिए उन्हें जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

सांसद सोनबरसा में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में हुए शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय कवर्धा ब्लाक अंतर्गत ग्राम सोनबरसा में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद पांडेय ने कहा कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के माध्यम से बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सीखने को मिलते हैं। खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक आदि गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं हमेशा सभी शिक्षकों का सम्मान करें। अच्छे से पढ़ाई कर स्कूल, ग्राम व अपने परिवार का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य व पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। सांसद सहित अन्य अतिथियों ने शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला में नवपदस्थ प्रधानपाठकों का स्वागत सम्मान किया। शिक्षकों व छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान भाजयुमो के सोशल मीडिया प्रभारी ईश्वरी धुर्वे, संकुल प्राचार्य अमित मिश्रा, समस्त स्टॉफ छात्र-छात्राएं सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

आजादी का अमृत महोत्सव पर हुए जनसंवाद और विविध प्रतियोगिताएं

दुर्ग/नवप्रदेश। केन्द्रीय सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय दुर्ग व्दारा शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय गुधेली, ब्लॉक बेरला जिला-बेमेतरा में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' पर रैली, जनसंवाद और विविध प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूखमणी ठाकुर सरपंच रहीं। अध्यक्षता आरएस पाटिल प्राचार्य ने की। विशिष्ठि अतिथि डॉ. परदेशीराम वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार, विशेष अतिथि ललित साहू उपसरपंच, वीरेन्द्र दुबे शालेय शिक्षक संघ अध्यक्ष, राम कुमार वर्मा पंच एवं विशेषज्ञ वक्ता आरके वैष्णव, डीएन निषाद, आरएन ध्रुव व्याख्याता, मनहरण लाल साहू समाजसेवी मंचासीन रहे। युवा पीढ़ी और आमजनों को आजादी का महत्व एवं वीर शहीदों के पराक्रम से अवगत कराने उद्देश्य से रैली, जनसंवाद, विविधि प्रतियोगिताएं, प्रश्नमंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । गांव में सशक्त जागरूकता संचार के लिए 75 युवाओं की एक रैली निकाली गई । इस रैली को सरपंच रूखमणी ठाकुर एवं आरएस पाटिल प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर ग्राम भ्रमण के लिए रवाना किया और स्वयं रैली के साथ आगे-आगे चलकर स्वतंत्रता सेनानी अमर रहे-रहे, आजादी का अमृत महोत्सव हम सबको मिलकर मनाना है, जन-जन की भागीदारी से आत्मनिर्भर भारत बनाना है, नारे के गूंज के साथ गांव के गली चौराहें का भ्रमण कर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस अवसर में विद्यालय के छात्रों, शिक्षकगण, गांव के बड़ी संख्या महिलाएं, वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि और युवाओं की सहभागिता रही है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ को पूरे देश में भव्य रूप से मनाये जाने से समस्त देशवासियों सहित स्वतंत्रता के पश्चात् जन्म लेने वाली पीढ़ी अपने गौरवपूर्ण महत्व से अवगत होगा और आज के युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की नवीन चेतना जागृत होगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कीव से 30...

नेटब्लॉक्स ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन में इंटरनेट कनेक्टिविटी रूसी आक्रमण से बुरी तरह प्रभावित हुई है, विशेष रूप से देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में जहां लड़ाई सबसे भारी रही है। रूस की इंटरफैक्स समाचार एजेंसी ने दावा किया कि रूसी सेना ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी यूक्रेनी शहर मेलिटोपोल पर कब्जा जमाने कर लिया है। इधर रूस यूक्रेन की राजधानी कीव सहित कई शहरों पर क्रूज मिसाइल से हमला कर रहा है।

300 स्टूडेंट्स को लेकर...

रहने वाले भारतीयों और छात्रों की तरफसे उन्हें हिंदुस्तान ले जाने की मांग की जा रही थी। अब इन छात्रों को यूक्रेन से निकालकर रोमानिया के रास्ते उन्हें भारत लाया जा रहा है। रोमानिया से 300 छात्र-छात्राओं को लेकर एयर इंडिया का विमान हिंदुस्तान के लिए रवाना हो चुका है। जो रात 9 बजे के बाद मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड करेगा।

पूर्व सीएम रमन ...

पार्क है? मुझे एक भी ऐसे किसान से मिलवा दीजिये, जिसके टमाटर कांग्रेस सरकार द्वारा बनाये फूड पार्क में बिके हों। फूड पार्क पर अब छत्तीसगढ़ की सियासत गरमा गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अमेठी दौरे में राहुल गांधी ने भूपेश बघेल सरकार की सराहना की। उन्होंने चुनावी भाषण में कहा कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में फूड पार्क बनाया गया है। हमने यह सपना अमेठी के लिए देखा था, उसे छत्तीसगढ़ ने पूरा कर दिया है। जिस क्षेत्र में जिसका उत्पादन ज्यादा है, उससे संबंधित प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया गया है। धान है तो चावल की यूनिट, टमाटर के लिए टमाटर कैचप की प्रोसेसिंग यूनिट लगा दिए हैं। छत्तीसगढ़ के किसान सीधे फूड प्रोसेसिंग यूनिट में जाता है, उसे सही रेट मिलता है। लाइन में नहीं लगना पड़ता। किसान अपनी उपज बेचकर पैसा लेता है और लौट जाता है।

जनता के सपने और ...

सिंह ने सीएम भूपेश बघेल व कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस को झूठ की दुकान बताते हुए चुनौती दी है। उन्होंने राहुल गांधी व भूपेश बघेल से पूछा है कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में कहां फूड पार्क है? मुझे एक भी ऐसे किसान से मिलवा दीजिये, जिसके टमाटर कांग्रेस सरकार के द्वारा बनाये फूड पार्क में बिके हों।

अखिलेश बोले- बाबा ने ...

जब से 100 नंबर का 112 कर दिया तब से हमारी पुलिस का कबाड़ा भी हो गया है। उन्होंने कहा, 100 नंबर थी तो पुलिस ईमानदार थी, जैसे नंबर बदला तो पुलिस भी बेइमान हो गई। अखिलेश ने उदाहरण देते हुए कहा, लखनऊ के स्टेडियम में मैच था, बाबा ने न जाने किसको भेज दिया पूरा खाना खा गए। उन्होंने कहा, भाजपा नेता के 12वीं के बाद इंटर में एडमिशन लेने पर लैपटॉप देने वाले बयान पर जनता लोटपोट हो रही है। शुक्र है कि भाजपा नेता ने ये ऐलान नहीं किया की 12वीं के बाद हाई स्कूल में एडमिशन लेने वाले को लैपटॉप दिया जाएगा।

मंत्री साहू ने ओबीसी ...

साहू को जिम्मेदारी सौंपते हुए कांग्रेस ओबीसी विभाग का अध्यक्ष बनाया था। उस समय ताम्रध्वज साहू दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद थे। ताम्रध्वज साहू कांग्रेस के ओबीसी लीडरों में बड़ा चेहरा माने जाते हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सांसद रहते हुए उन्हें दुर्ग ग्रामीण से विधायक का टिकट देकर चुनाव में उतारा गया था। एक समय में ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद के भी प्रबल दावेदार थे। ताम्रध्वज साहू शीर्ष नेतृत्व के करीबी माने जाते हैं।

हरियाणा के पूर्व मंत्री अजय सिंह यादव को जिम्मेदारी

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने राज्य में व्यस्तता के कारण कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष पद से हटने की इच्छा जाहिर की थी। जिसे स्वीकार कर लिया गया है। ताम्रध्वज साहू के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद, हाईकमान ने हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को ओबीसी विभाग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने यादव को तत्काल प्रभाव से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विभाग का चेयरमैन नियुक्त किया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
Email-ID-ee-res.kondagaon@nic.in, Ph.No-07786-296017

मैनुअल पद्धति वर्ष 2021-22 हेतु सूचना क्रमांक- 24 (प्रथम दौर)

निविदा आमंत्रण

क्रमांक/24/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा/2021-22 कोण्डागांव, दिनांक 23/02/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 10.03.2022 शाम 5.00 बजे तक** :-

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत प्रति कार्य (रुपये लाख में)
1	2	3
1	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) चमई से बासगांव बयानार सड़क 0 से 3.20	16.73
2	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) चेमा से पेड़मापाल 11.30 से 15.80	22.48
3	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) चेमा से पेड़मापाल 6.20 से 11.30	24.32
4	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) चेमा से पेड़मापाल 0.50 से 6.20	27.31
5	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) पेड़मापाल से बांसपाल 0 से 5.20 एवं मड़ानार से तोयानार पी.एम.जी.एस. वाय	28.51
6	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) चिचडोंगरी से बनसिरसी 0 से 7.60	34.29
7	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) मलनार, नहकानार, छोटेउसरी	36.77
8	सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (मिट्टी+मुरूम) चांगेर से तोतर 0 से 6.60	39.30

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट नन दिनांक 02.03.2022 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।
3. भुगतान मनरेगा प्रक्रिया के तहत किया जावेगा।

जी-68187/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

केनरा बैंक Canara Bank
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
ई-नीलामी दिनांक: 29.03.2022

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 29.03.2022 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
श्री कहेगुरु इण्डस्ट्रीज, प्रोप. श्री कृपाल छाबड़िया पिता- स्व. श्री गुरनामल एवं श्रीमती अनिता छाबड़िया पति- श्री महेश छाबड़िया	1. पंजीकृत खसरा नं. 13 (भाग), डायवर्टेड खसरा नं. 13/2, (पंजीकृत मालिक- श्री कृपाल छाबरिया), प.ह.नं. 29, ग्राम- सोनबरसा, आर.एन.एम. अर्चेद, तहसील- सिमगा, जिला- बलौदा बाजार, भाटापारा (छ.ग.) क्षेत्रफल- 10763.91 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री भूमि व भवन का इक्विटी।	8.07.2019 / 10.05.2019 / ₹ 66,37,877.35	16,02,000/- / 1,61,000/- / 10,000/-	श्रीमती हैप्पी इन्दु (मो. 9425505143) भाटापारा शाखा 7975296000001 CNRB0007975
2. पंजीकृत खसरा नं. 13 (भाग), डायवर्टेड खसरा नं. 13/1, (पंजीकृत मालिक- श्रीमती अनिता छाबरिया), प.ह.नं. 29, ग्राम- सोनबरसा, आर.एन.एम. अर्चेद, तहसील- सिमगा, जिला- बलौदा बाजार, भाटापारा (छ.ग.) क्षेत्रफल- 10763.91 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री भूमि व भवन का इक्विटी। 3. उपरोक्त परिसरों/ईकाईयों (उक्त) में स्थापित प्लांट एवं मशीनें। चौहद्दी: उत्तर- गैदराम की भूमि, दक्षिण- कच्ची सड़क, पूर्व- कृपाल छाबड़िया की भूमि, पश्चिम- सदानंद की भूमि।				
मेसर्स मिथिलेश ट्रेडर्स प्रोपराईटर: मिथिलेश कलवार	मालिक- श्री मिथिलेश कलवार, प्लॉट नं./खसरा नं. 441/1 ग्राम- हर्रा टिकरा, तहसील- अंबिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) (क्षेत्रफल 0.101 हेक्टेयर) में स्थित खुली भूमि का इक्विटी। चौहद्दी: पूर्व- वहरु का प्लॉट, पश्चिम- परम देव ठाकुर का प्लॉट, उत्तर- ग्यवदा ठाकुर का प्लॉट, दक्षिण- कच्चा रोड।	31.07.2018 / 27.12.2018 / ₹ 27,77,604.03	11,24,000/- / 1,13,000/- / 10,000/-	श्री आलोक तिर्की (मो. 9414204026) अंबिकापुर शाखा, सिंडिकेट 7975296000001 CNRB0007975
मेसर्स ज.पी. ट्रेडर्स, प्रोपराईटर: श्री जगदीश प्रसाद	मालिक- श्रीमती सवगो पति- श्री आलम साय, प्लॉट/खसरा नं. 70 एवं 314, भूमि का क्षेत्रफल- 0.943 व 0.304, कुल 1.247 हेक्टेयर आई.ई. 3.08 एकड़ में स्थित खुली भूमि का इक्विटी। चौहद्दी: खसरा नं. 70 के लिए- उत्तर- बुधु गोंड की भूमि, दक्षिण- केंदु पिता-केंदु तुरिया की भूमि, पूर्व- भुवन की भूमि, पश्चिम- बुधु गोंड व रामेश्वर की भूमि। खसरा नं. 314 के लिए- उत्तर- बुधु गोंड व मोहन की भूमि, दक्षिण- केन्दु व अन्नपूर्णा की भूमि, पूर्व- मोहन की भूमि, पश्चिम- मालिक का प्लॉट।	21.11.2012 / 27.12.2018 / ₹ 23,48,848.36	13,86,000/- / 1,39,000/- / 10,000/-	श्री आलोक तिर्की (मो. 9414204026) अंबिकापुर शाखा, सिंडिकेट 7975296000001 CNRB0007975

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी "जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जावेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/ऑफर स्वीकार नहीं किये जावेंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 27.03.2022 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खाते में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: eauction@ccsl.co.in पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल www.bankeauctions.com में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को दिनांक 27.03.2022 को सायं 3.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। अ. ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। ब. पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। स. इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। द. इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्चे/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@ccsl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd.(Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: eauction@ccsl.co.in पर संपर्क करें।
सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी कंप/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेवार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोट: नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 27.02.2022 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 26.02.2022 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

श्रमिकों के हित के लिए सरकार प्रतिबद्ध : डहरिया

■ **1 हजार हितग्राहियों को 61 लाख रूपए का ऑनलाईन चेक वितरण**

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम माघी पुन्नी मेला में शनिवार को श्रम एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया बतौर मुख्यअतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होनें 1093 हितग्राहियों को 61 लाख रूपए का ऑनलाइन चेक वितरण किया तथा श्रम विभाग के योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य में गरीब मजदूर और श्रमिकों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है, जो मिशाल है। उन्होंने कहा कि राज्य सराकर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय मंत्र को लेकर कार्य कर रही है। श्रम विभाग में जन्म से लेकर मृत्य तक की योजनाएं संचालित है। श्रमिकों के हित के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। डॉ. डहरिया ने कहा कि स्वच्छता के रैंकिग में लगातार तीसरे वर्ष राज्य ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने सरकार की योजनाओं स्वामी आत्मानंद स्कूल, कर्ज माफी, बिजली बिल हॉफ, सिंचाई टैक्स मॉफ और अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीगसढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अगुवाई में समाज के सभी वर्गो के लिए कार्य कर रही है। आज राज्य उन्नति की ओर अग्रसर हो रही है। और नए मार्ग प्रशस्त हो रहे हैं। श्री अग्रवाल ने राजिम माघी पुन्नी मेला आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। सभा को नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में 1093 हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से कुल 61 लाख 13 हजार रुपये वितरण किया गया। इसमें भगिनी प्रसुति योजनांतर्गत 255 हितग्राहियों, नवनिहाल छात्रवृत्ति 43 विद्यार्थियों को, श्रमिक प्रसुति 30 हितग्राहियों को, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता अंतर्गत 31 लाख 40 हजार 5 सौ का चेक वितरण शामिल है। सम्मेलन में निजी प्रींतिष्ठानों द्वारा 400 युवाओं का रोजगार हेतु पंजीयन किया गया है, साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु 100 युवाओं का कौशलिंग किया गया है। सम्मेलन में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, नवापारा नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, ताराचंद मेघवानी, विकास तिवारी, आनंद मतावले, सुनील तिवारी, मुन्ना कुर्रे, सुध्घरमल आड़े, मंगराज सोनकर, धनेश्वरी डांडे आदि उपस्थित थे।

हाईकोर्ट में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। हाइकोर्ट बिलासपुर में बाबू की नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की ठगी करने वाले 2 फरार आरोपियों को रायपुर से पकड़ने में करही बाजार पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले में 2 आरोपियों की पूर्व में ही गिरफ्तारी हो चुकी है। करही बाजार चौकी प्रभारी हितेश जंघेल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा विभिन्न मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करने के दिये गए कड़े निर्देश के पालन में करही बाजार पुलिस ने सायबर सेल की मदद से धारा 420 भादवी के मामले में फरार 02 आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, शत्रुहन साहू को उसके बेटे राजू साहू की नौकरी हाईकोर्ट बिलासपुर में बाबू के पद पर लगाने का झांसा देकर 5 लाख रुपए आरोपी सलीम खान एवं गौरव जोशी द्वारा लिया गया तथा नारायण एवं दुकलहा ध्रुव द्वारा उक्त झांसा देने में सलीम खान एवं गौरव जोशी का सहयोग किया। गौरव जोशी द्वारा उक्त 5 लाख के एवज में नौकरी नहीं लगाने की बात पर एक आईसीआईसीआई बैंक का चेक दिया गया जो बाउंस हो गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में की। जिस पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने नारायण ध्रुव निवासी सोनाडीह केंवट मोहल्ला चौकी करही बाजार और राम कुमार ध्रुव उर्फ दुकलहा ध्रुव निवासी कोसमंदी गौरा चौक थाना पलारी को 5 अप्रैल 2018 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, लेकिन मुख्य आरोपी सलीम व गौरव फरार थे। पुलिस इन दोरों आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। आरोपी गौरव जोशी थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के अपराध में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने पर 02 वर्ष की सजा भी पूर्व में काट चुका है।

मटिया में हुआ डांस प्रतियोगिता

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मटिया में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि इंजीनियर केके देवांगन अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस रंगारंग भव्य व अच्छे आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई शुभकामनाएं दी। युवा क्लब मटिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, सरपंच बंशी लाल साहू, जरौद सरपंच प्रतिनिधि रोशन वर्मा, उपसरपंच शेष नारायण यदु, युवा मोर्चा से रोशन साहू, रोहित यदु, नंदू यदु, घसिया साहू, देवा साहू, पेखन साहू, भोजराम साहू, युवा क्लब के सभी सदस्य, पंच गण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को पिपरिया पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा

कवर्धा/नवप्रदेश। लगभग 6 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले एक शातिर ठगबाज को पिपरिया पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, नीलम बंजारे पिता खेलनराम बंजारे 22 साल निवासी गांगपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि मेरे मोबाईल नंबर में 17 जून 2021 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल नंबर से कॉल कर ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 5 लाख 89908 रुपए की ठगी किया है। पुलिस अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

पिपरिया पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी अजय पिता जय सिंह 27 साल निवासी गाड़पुर थाना चौपानकी जिला अलवर राजस्थान से गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि इस अपराध को घटित करने में एक और साथी सहुद खान पिता रहमान खान भी शामिल है। जिस पर आरोपी के द्वारा अपराध धारा का घटना घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण के एक अन्य आरोपी सहुद खान फरार है। जिसकी पतातलास जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संतराम सोनी, उनि पीएस ठाकुर, सउनि चन्द्रकांत तिवारी, आरक्षक रोशन तिवारी, मनोज टण्डन का सहरानीय योगदान रहा है।

नवागढ़ पुलिस ने 3 सटोरियों को पकड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवागढ़ पुलिस ने बस स्टैण्ड, मिनीमाता चौक के पास और बस स्टैण्ड के पास काम्पलेक्स के पीछे सट्टा पट्टी लिख रहे तीन सटोरियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में शौकी लाल गहरे पिता मोती 52 साल, सुरेन्द्र कुमार सोनवानी पिता जगदीश 34 साल और युनूस खान पिता हाजी उस्मान खान 40 साल शामिल है। तीनों के कब्जे से नकदी रकम 935 रुपए एवं 6 नग सट्टा पट्टी जब्त किया गया।

24 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस ने आरोपी मोहनू घोरबंधे पिता संतराम घोरबंधे 38 साल निवासी गर्रा को 24 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1920 रुपए, बिक्री रकम 200 के साथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने आरोपी को अवैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ा।

राहत व पुर्नवास योजना समिति की बैठक कल

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर रमेश शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 28 फरवरी को समय सीमा के बैठक के पश्चात पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुर्नवास कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित किया गया है।

भारतीय मतदाता महासभा के प्रदेश सचिव बने सत्तू पटेल

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय मतदाता महासभा की कोर कमेटी के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे द्वारा विनोद जायसवाल को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष बिप्लब कुंदू को प्रदेश महासचिव, सदाराम कश्यप को प्रदेश सचिव व सत्यनारायण पटेल को प्रदेश सचिव के पदभार का दायित्व सौंपा गया है। चारों सम्मानित पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मतदाता महासभा संपूर्ण भारत में अपने संगठन को विस्तार दे रहा है देश के सभी मतदाताओं का मंच है जिसके माध्यम से मतदाता बंधुओं के अधिकार सम्मान सुरक्षा एवं उनको संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए जमीनी स्तर से लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय मतदाता महासभा का मुख्य लक्ष्य है राष्ट्रीय मतदाता आयोग का गठन कराना एवं सभी मतदाताओं को राष्ट्रीय आय में हिस्सेदारी दिलाते हुए उन्हें मतदाता पेंशन प्रतिमाह दिलाना। इसके साथ-साथ सभी क्षेत्रों से जुड़े लोगों के अधिकारों की लड़ाई प्रत्येक नागरिकों की आवाज बुलंद करना भारतीय मतदाता महासभा का उद्देश्य है।

सेवाकाल के दौरान निधन, नपा ने दी 50 हजार की अनुग्रह राशि

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा में कार्यरत कर्मचारी श्रीमती मेलन बाई चौकीदार का सेवाकाल के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। आकस्मिक निधन हो जाने के फलस्वरूप नगर पालिक परिवार ने उनके निवास पहुंचकर मृतक के बड़े पुत्र धनीराम आहिरवार को तत्काल सहायता राशि प्रदान करते हुए 50 हजार रूपये का चेक सौंपा। कर्मचारी का सेवाकाल के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर शासन द्वारा अनुग्रह राशि के रूप में 50 हजार रूपये तत्काल उनके परिजन को देने का प्रावधान है। मेलन बाई काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थी। बीते रात्रि में उनका आकस्मिक निधन हुआ है मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, शंकर शर्मा अजय सिंह ठाकुर, हुलास सिंह ठाकुर, चंद्रिका सिह ठाकुर, झगरदास, संजय मिश्रा, अवध मानिकपुरी व कार्यालयीन कर्मचारियों ने उनके निवास स्थान पहुंचकर उनके बड़े पुत्र धनीराम आहिरवार को अंतिम संस्कार व अन्य कार्यक्रम हेतु 50 हजार रूपये का सहायता राशि प्रदान किया गया।

तलाश ए नवबहार का आयोजन आज

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा प्रदेश के युवा शायर/शायरा एवं नातगों को मंच प्रदान करने एवं उनके हुनर को तलाशने हेतु प्रदेश स्तर पर तलाश-ए-नौबहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण के रूप में जिला स्तरीय ऑडिशन आज छग पेंशनधारी कल्याण संघ भवन सुभाष बाजार भाटापारा में प्रातः 11 बजे आयोजित है। वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति में श्रेष्ठ तीन रचनाकारों को प्रदेश स्तरीय ग्रांड फिनाले में भेजा जाएगा। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी वंदना गोपाल शर्मा शैली (9302839704) एवं अजय अमृतांशु (9926160451) के पास अपना नाम लिखा सकते हैं। शायरों के लिए उम्र सीमा है 35 वर्ष है एवं नातगो के लिए उमर की सीमा 15 वर्ष है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202202101000189/202202101000189
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - रामकली देवांगन / अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदक रामकली देवांगन पति सुभाष देवांगन पता नेहरू नगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न 682/1, 7379 रकबा क्रमशः 0.160, 0.100 हे. = 0.260 हे. भूमि सुभाष चंद पिता श्यामलाल एवं अन्य के नाम पर शामितलात खाते में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी सुभाष चंद पिता श्यामलाल की मृत्यु दिनांक 12/05/2021 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने एवं उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत फौती नामांतरण आवे आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 16/03/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/02/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार
भिलाई (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)
''ई'' श्रेणी पंजीयन के अंतर्गत निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रमांक 38 & 39/व.ले.लि./2021-22 — दुर्ग, दिनांक 23.02.2022

निम्नलिखित कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में जिला दुर्ग के ब्लाक पाटन के लिए ''ई'' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ए-ई From A-e में निविदाएँ दिनांक 14.03.2022 तक कार्यालयीन समय तक केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :

स. क्र.	कार्य का नाम/ विवरण	कार्य की लागत राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
01	02	03	04	05
1	दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की मगरगट्टा, कापसी, सांकरा माईनर जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य के अंतर्गत फुन्डा गाड़ाडीह मार्ग पर ओवरहेड साईन बोर्ड (26 mX1.8 m) का निर्माण कार्य।	15.38 लाख	रुपए 12000/-	04 माह
2	दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की मगरगट्टा, कापसी, सांकरा माईनर जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य के अंतर्गत मोतीपुर फुन्डा मार्ग पर ओवरहेड साईन बोर्ड (18 mX1.8 m) का निर्माण कार्य।	11.01 लाख	रुपए 9000/-	04 माह

निविदा के संबंध में सभी आवश्यक शर्तें एवं मापदण्ड उपलब्ध निविदा प्रपत्र में दी गई है। निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य नियमानुसार है -

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की तिथि :- दिनांक 08.03.2022 कार्यालयीन समय तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 14.03.2022 कार्यालयीन समय तक
निविदा खुलने का दिनांक एवं स्थान :- दिनांक 15.03.2022 सुबह 11.00 बजे से कार्यालय कार्यपालन अभियंता, तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग

इच्छुक निविदाकार आवेदन पत्र के साथ ''ई'' श्रेणी वैद्य पंजीयन, जी.एस.टी. पंजीयन, पैन कार्ड प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। एक निविदाकार को एक ही कार्य की निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जायेगा।

निविदा से संबंधित सभी आवश्यक शर्तें एवं मापदण्ड निविदा प्रपत्र में दी गई है।

जी-68159/2

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/1843/लो.नि.शा./न.पा.प./2021-22 — कांकेर, दिनांक 25/02/2022

-:: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17/03/2022 समय संध्या 4.00 बजे।
02- निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 17/03/2022 को समय संध्या 5.30 बजे तक।
03- निविदा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफा में जमा करने की तिथि 22/03/2022 समय संध्या 05.00 बजे तक।
04- निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 23/03/2022 को समय संध्या 11.00 बजे तक।
05- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

क्रं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य करने की अवधि
01	अघन नगर वार्ड स्थित डाटा सेंटर भवन में '' C मार्ट'' की स्थापना हेतु रेनोवेशन एवं रिस्टोरेशन कार्य एस.ओ.आर. दर पर।	23.89	18000/-	750/-	03 माह
02	अघन नगर वार्ड स्थित डाटा सेंटर भवन में '' C मार्ट'' की स्थापना हेतु सामाग्री प्रदाय कार्य।	25.33	76000/-	750/-	03 माह

टीप - निर्माण कार्यों/सामग्री प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कांकेर

Chola
Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय : प्रथम तल ''डेयर हाऊस'', नंबर 2
एन.एस.सी.बोस रोड चेन्नई- 600001
क्षेत्रीय कार्यालय : 55 एवं 55/1 चौरंगी रोड पांचवा तल चौरंगी रोड,
नेहरू चिल्ड्रंस म्युजियम के सामने रविन्द्र सदन, कोलकाता-700071
शाखा कार्यालय : शाप नं. 416 चतुर्थ तल, नेशनल कार्पोरेट पार्क
मारूति बिजनेस पार्क के सामने जी.ई. रोड रायपुर, पिन-492001

नीलामी व बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

मे. चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारियों द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट अधिनियम, 2002 के तहत कर्जदारों से देय राशि की वसूली के लिए, अधिकारियों द्वारा उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का अधिकार लेने के अनुसरण में अचल संपत्ति खरीदने के लिए मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित किया गया है, जैसा कि नीचे वर्णित है, **'जैसा है जहां है आधार पर, 'जैसा है जो है आधार पर'** की जाएगी जो कब्जे में है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है -

क्र.	अ) ऋण खाता संख्या ब) उधारकर्ता/सहउधारकर्ता/जमानतदार का नाम	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	अ) मांग सूचना की तिथि ब) मांग सूचना की राशि स) कुल ऋण बकाया	अ) आरक्षित मूल्य ब) बयाना राशि
1.	अ) **ऋण खाता संख्या** XOHERRH00001320281 **ब) 1. मनोरंजन कुमार पाण्डेय** मकान नं. एमडीडी 82, फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के सामने, कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001 **2. मेसर्स श्री सांई इंडस्ट्रीज** ज्ञान कर्तार टावर, तेलघानी नाका, रायपुर छत्तीसगढ़, पिन-492001 **3. श्रीमती अनिता पाण्डेय** मकान नं. एमडीडी 82, फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के सामने, कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001	वह सब टुकड़ा व संपत्ति **संपत्ति 1:** प्रथम तल पर फ्लैट लगभग 835 वर्गफीट का भूतल पर एक कार पार्किंग की जगह सहित। **संपत्ति 2 :** तृतीय तल पर फ्लैट लगभग 837 वर्गफीट **संपत्ति 3 :** दुकान कक्ष क्रमांक 1 भूतल पर लगभग 140 वर्गफीट का भवन एवं लगभग 13 फीट का 4 कोट्ठा व 9 चित्तौड़ भूमि के भूखंड पर निर्मित हिस्सा बन रहा है। डैग नं. 413 व 415 के तहत ख.नं. 769 में, मौजा- बांसड्रोनी के अंतर्गत पीसी, रीजेंट पार्क जिसे वर्तमान में नगर पालिका परिषद क्रमांक 82 में क्रमांकित दिनेश पल्ली नगर पालिका वार्ड क्र. 113 के नाम से जाना जाता है।	अ) 15.07.2020 ब) रु. 1,39,78,489.08 दिनांक 14.07.2022 तक स) रु. 1,76,66,194.054 दिनांक 25.02.2022 तक ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत एवं शुल्क सहित।	संपत्ति 1 के लिए : रू. 28,00,000.00 रु. 2,80,000.00 संपत्ति 2 के लिए : रु. 25,00,000.00 रु. 2,50,000.00 संपत्ति 3 के लिए : रु. 12,00,000.00 रु. 1,20,000.00

नीलामी प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

1.	नीलामी की तिथि	30.03.2022
2.	बोली जमा करने का स्थान और नीलामी स्थान	55 एवं 55/1, चौरंगी रोड, पांचवां तल चौरंगी कोर्ट, कोलकाता-700071
3	नीलामी का समय	सुबह 10.30 से शाम 05.30 तक
4.	बोली जमा करने की अंतिम तिथि	29.03.2022 शाम 5.00 बजे से पहले

एक बोलीदाता, अपनी पसंद से, नीलामी में निर्धारित प्रारूप में आवेदन करके सुविधा का लाभ उठा सकते हैं जो नीचे दिए गए पते पर कार्यालय से प्रस्ताव/निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध है, बिक्री इस विज्ञापन और निर्धारित बोली/ निविदा दस्तावेज में निहित नियमों और शर्तों के अधीन है, इस नोटिस को उपरोक्त सूचनाओं की नीलामी बिक्री के लिए दिए गए नियम 8 (5) (सी) और 2002, (नियम 8 और 9) सुरक्षा ब्याज प्रवर्तन के 8(6) के तहत 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी लेना चाहिए।

नीलामी के नियम और शर्तें- (1) ''जैसा है जहां है आधार पर'', जैसा है जो है आधार पर'' और जो भी है आधार पर'' बेची जाएगी **(2)** बोलीदाता सभी मामलों में पूरी तरह से कोशिश करने के लिए बाध्य है, जिसमें उपर वर्णित निर्धारित तारीख और समय पर संपत्ति के विवरणों का निरीक्षण करना शामिल है। **(3) मे.चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड** को बोलीदाता द्वारा बोलियां प्रस्तुत करने का अर्थ (i) ये स्वीकार करना लगाया जाएगा कि उसमें सभी मामलों में उचित कोशिश का प्रयोग किया है, (ii) संपत्ति के सभी विवरण/ मापन से संतुष्ट है, (iii)नीलाम को नियंत्रित करने वाले नियमों और शर्तों का पूरा ज्ञान स्वीकार करता है और (iv)भविष्य की किसी भी तारीख में कम्पनी के विरूद्ध किसी भी विपरीत दावे के लिए अपने सभी अधिकार का त्याग करता है। **(4)** बिक्री अधिकृत अधिकारी द्वारा पुष्टि के अधीन है यदि कर्जदार/ गांरटी बिक्री से पहले पूरी बकाया राशि का भुगतान कर देता है, तो कोई बिक्री नहीं की जाएगी। **(5)** बोलीदाता को बोली जमा राशि ईएमडी बैंकर चेक/ डीडी द्वारा संबंधित ऋण खाते के लिए **मे. चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड** के पक्ष में, बोली फार्म के साथ एक मुहरबंद लिफाफे में प्राधिकृत अधिकारी, मे. **चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड** को 27.03.2022 को या उससे पहले शाम 5.00 बजे तक भेजना होगा, कृपया ध्यान है कि सफल बोलीदाताओं के संदर्भ में, ईएमडी, मे. **चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड** द्वारा प्राप्त होने वाले विक्रय पर विचार के प्रति समायोज्य है, इसके अलावा, असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापसी योग्य है। **(6)** सफल बोलीदाता को उसके पक्ष में बिक्री नॉक डाउन होने पर बोली राशि का 25% तत्काल जमा करना होगा उसके पक्ष में बिक्री करने के लिए और शेष 15 दिनों के भीतर संबंधित ऋण खाता नम्बर के लिए **मे. चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड** के पक्ष में तैयार बेंकर चेक/ डीडी द्वारा जमा करना होगा। **(7)** यदि सफल बोलीदाता उसके पक्ष में बिक्री नॉक डाउन होने पर राशि का 25% तत्काल जमा करने और/या शेष राशि 15 दिनों के भीतर जमा करने में असफल रहता है तो बोलीदाता द्वारा जमा बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त कर लिया जाएगा। **(8)** संवहन के लिएभुगतान योग्य प्रभार/शुल्क जैसे स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क, रखरखाव प्रभार, बिजली शुल्क आदि का वहन सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा, अधिकृत अधिकारी किसी भी शुल्क, धारणाधिकार, संपत्ति कर या सरकारी या स्थानीय निकाय या किसी भी अन्य प्राधिकरण को बिक्री के तहत प्राधिकरण के संबंध में किसी भी अन्य बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **(9)** अधिकृत अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना या कोई भी कारण बताए बिना बोली स्वीकार या रद्द करने या बिक्री टालने/स्थगित करने/ रद्द करने/बिक्री के किसी भी नियम और शर्तों को बदलने का पूर्ण अधिकार रखता है। **(10)** बिक्री केवल सफल बोलीदाता के पक्ष में होगा न कि उसके नामांकित व्यक्ति के पक्ष में। **(11)** यह सूचना विशेष रूप से कर्जदारों और सामान्य रूप से जनता के लिए भी है, कर्जदार को बिक्री के प्रक्रिया की पुष्टि होने तक संपत्ति की ऋणमुक्ति का पूर्ण अधिकार है।

मे. चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड संपत्ति पर लंबित किसी भी दावेदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जाता है। संपत्ति की नीलामी जैसे है जहां है आधार, जैसे है वैसे भी आधार पर और जो भी है वैसे ही आधार पर नीलाम किया जाएगा।

अधिक विवरण के लिए, उपर्युक्त कार्यालय के पते पर प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

दिनांक 27.02.2022
स्थान-रायपुर

मे. चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कं. लिमि.
प्राधिकृत अधिकारी

एक बार फिर दिखा तेंदुआ, दहशत में कट रही रात, मौके पर वन अमला तैनात

नवप्रदेश/ फालोअप

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित वाटर फिल्टर प्लांट स्थित पहाड़ पर एक बार फिर तेंदुआ देखा गया है। इसकी खबर नगर में आग की तरह फैल गई और तेंदुए को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मालूम हो कि बीते मंगलवार को भी तेंदुआ देखा गया था। जिसके बाद तीसरे दिन शुक्रवार को एक बार फिर तेंदुआ दिखाई दिया। मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से वन अमला तैनात थे। वहीं तेंदुआ की झलक पाने लोग लगातार पहुंच रहे थे। तेंदुआ पहाड़ के ऊपर देखा गया है। बताया गया कि तेंदुआ लगभग एक से डेढ़ घंटे तक पहाड़ पर चहलकदमी कर रहा था। जिसे देखने लोग लगातार पहुंच रहे थे।

नगर से महज कुछ ही दूरी पर स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के किनारे पहाड़ पर शुक्रवार की शाम तेंदुआ दिखाई दिया, जो कि काफी देर तक पहाड़ के ऊपर बैठा हुआ था। मौके पर मौजूद लोग तेंदुआ की फोटो भी लेते नजर आए, जिसके बाद तेंदुआ की फोटो देखते ही देखते सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गया। एक माह से जिला मुख्यालय में वन्यप्राणी तेंदुआ देखे जाने की खबर से नगरवासी सहित आसपास के लोग दहशत में हैं। वहीं तेंदुआ के लगातार दिखने से रात दहशत में कट रही है। बताया जाता है कि यह मादा तेंदुआ है और उसके साथ दो शावक भी है। पहाड़ियों पर स्थित मांद को तेंदुआ ने अपना डेरा बनाया हुआ है। वन्यप्राणी तेंदुआ के लगातार दिखने से वन विभाग ने रात्रि गश्त बढ़ा दी है। इसके साथ ही लोगों को पहाड़ की तरफ और रात में घर से नहीं निकलने की समझाइश दे रही है।

काम में लापरवाही, 9 पटवारियों को नोटिस

■ **वेतन भी रोकने का आदेश एसडीएम ने दिए**

खरोरा/नवप्रदेश। रायपुर जिले के खरोरा तहसील में शुक्रवार को एसडीएम व तहसीलदार ने मासिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान राजस्व विभाग के प्रकरणों की समीक्षा हुई। वहीं कार्य में लापरवाही बतरने वाले 9 पटवारियों को एसडीएम ने नोटिस जारी करते हुए वेतन वृद्धि भी रोकने के निर्देश दिए। शासन ने राजस्व विभाग के लिए सिटीजन चार्टर बना रखा है जिसमें यह तय किया गया है कि कौन सा काम कितनी निर्धारित अवधि में हो जाएगा। बावजूद इसके तहसील दफ्तर में दलाल किस्म के लोग सक्रिय थे तथा वे सीधे पैसे की मांग करते थे। खरोरा तहसील कार्यालय में एसडीएम तिल्दा प्रकाश टंडन व तहसीलदार खरोरा कृष्णा कुमार साहू की उपस्थित मे बैठक ली गई। इसमें ऑनलाइन नामांतरण, कृषि भू-राजस्व, डिजिटल हस्ताक्षर खसरा एंव बी 1, नक्शा बंटाकन में प्रगति, डायवर्सन, राजस्व वसूली, न्यायालय में लंबित प्रतिवेदन की समीक्षा, आधार सीडिंग व सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम ने उपस्थित पटिवारियों से उक्त कार्य प्रगति चर्चा की। कार्य में लापरवाही पाये जाने पर अनिमेश श्रीवास्तव, भूपेश सिन्हा, प्रवीण कुमार कश्यप, मुदित कोसले, अशोक कोसले, राजेंद्र मार्कण्डेय, तुलेश्वरी साहू द्वारा नामांतरण, बंटवारा, रिकार्ड दुरूस्तीकरण सहित अन्य कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं आदित्य शुक्ला खरोरा व हरेन्द्र तिवारी तिल्दा का कार्य में लापरवाही के चलते एक माह का वेतन रोका गया।

रायपुर। राजधानी रायपुर में महिला धुमाल पार्टी का आगाज समता सैनिक दल के तत्वधान में शुरु हो रही है। महिला धुमाल पार्टी को लाखे नगर ईदगाहभांटा मैदान में महिलाओं को प्रशिक्षण सुबह 7 से 8 बजे तक ट्रेन किया जा रहा है। महिलाएं बढ़-चढ़ कर इसमें हिस्सा ले रही है। समता सैनिक दल का उद्देश्य यह है कि जो भी महिलाएं आर्थिक रूप से कमजोर है उनको सशक्त बनाना है। टीम में अभी 15 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसमें इच्छुक महिलाएं शामिल हो सकती हैं।

बीसी सखी दिलेश्वरी व त्रिवेणी को मिला लैपटॉप, दोनों के चेहरे पर आई मुस्कान

राजिम/नवप्रदेश। राजिम मेला में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। शुक्रवार को बिहान समूह की बहनें स्व सहायता समूहों एवं पंच-सरपंच सम्मेलन में लैपटॉप वितरण किया गया। मैनपुर विकासखंड के ग्राम जिडार के बीसी बहन दिलेश्वरी मरकाम एवं डूमाघाट के बीसी बहन त्रिवेणी सिन्हा का नाम मंच से घोषित हुआ। वह मंच में अतिथियों के हाथों लैपटॉप लेने पहुंच गई। लैपटॉप पाकर इन दोनों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। त्रिवेणी सिन्हा ने बातचीत के दौरान बताया कि वह कक्षा 12वीं तक पढ़ी है और बैंक सखी का काम बखूबी कर रही हैं। लोग इन्हें बैंक वाली दीदी के नाम से जानते हैं। समय पर पेंशन, रोजगार गारंटी के पैसे जैसे ही खाते पर आते है बांट देती हैं। वह बताती हैं कि लैपटॉप को मैं खुद चलाऊंगी इससे काम को गति मिलेगी। आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड जैसे ढेरों काम होते है इनके मिलने से मस्तिष्क का विकास होगा तथा दुनिया भर की जानकारियां पल में स्क्रीन पर होगी। उल्लेखनीय है कि राजिम मेला का यह मंच गरियाबंद, रायपुर, धमतरी जिला के हितग्राहियों के लिए वरदान साबित हो रही है। जरूरतमंद के सपने पूरे हो रहे है तो प्रदेश के लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है।

ई-पास से से होगा उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न वितरण, विधायक ने की समीक्षा

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि अगले महीने से ई पास के जरिए खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इससे राशन कार्डधारियों को अपनी पसंद की उचित मूल्य दुकान से राशन सामाग्री

प्राप्त करने में सुविधा होगी। जिले में हो रही तैयारियों को लेकर संसदीय सचिव चंद्राकर ने खाद्य विभाग से आवश्यक जानकारी भी ली। संसदीय सचिव ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानों से ई पास के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जिलों की उचित मूल्य दुकानों के राशन कार्डधारियों को अपनी पसंद की उचित मूल्य दुकान से राशन सामग्री प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस संबंध में खाद्य विभाग से तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। जिस पर उन्हें बताया गया कि जिले के सभी 590 राशन दुकानों में ई पास के जरिए खाद्यान्न वितरण की तैयारी की जा चुकी है। पूर्व में टेबलेट के माध्यम से वितरण किया जा रहा था। अगले महीने से सभी राशन दुकानों में ई-पास के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। ऐसे राशन कार्डधारी जिनमें किसी भी सदस्य का आधार सत्यापित है, परन्तु ई-पास उपकरण के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण असफल हो रहा है, ऐसे राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण हेतु नॉमिनी (प्रतिनिधि) के निर्धारण के लिए संचालनालय से अनुमति प्राप्त होने के बाद जिला स्तर पर खाद्य अधिकारी द्वारा अन्य हितग्राही को नॉमिनी नियुक्त करने के पश्चात नॉमिनी के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जा सकेगा। निःशक्त, 60 वर्ष से अधिक अथवा 10 वर्ष से कम आयु के राशन कार्डधारियों के लिखित आवेदन पर जिला स्तर पर खाद्य अधिकारी द्वारा नियुक्त हितग्राही को नॉमिनी नियुक्त कर खाद्यान्न का वितरण किया जा सकेगा।

सीएसआर के हिसाब-किताब में अटकी कुसमुंडा-तरदा सड़क निर्माण

इधर ईई ने राशि न मिलने से काम बंद होने की कही बात

■ **उधर कलेक्टर ने पहले जारी रकम का मांगा बही खाता**

कोरबा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के दो अधिकारियों के बीच एक बार फिर आपसी सामंजस्य की कमी से निर्माणाधीन सड़क अधर में है। दरअसल, सीएसआर से बन रहे इमली छापर कुसमुण्डा से तरदा सड़क का मामला चर्चा में है। सड़क के लिए एसईसीएल ने सीएसआर मद से 179 करोड़ रुपए की मंजूरी का प्रस्ताव दिया है। पहली किस्त की राशि जारी की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण के लिए जारी रकम खर्च होने के बाद लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता ने जब कलेक्टर को मांग पत्र भेजकर राशि की मांग की तो जवाब में कलेक्टर ने ईई को पत्र जारी कर जारी रकम का हिसाब मांग लिया। दरअसल, हरदीबाजार-तरदा-सर्वमंगला-इमलीछापर सड़क निर्माण में धीमी गति और अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर रानू साहू ने सड़क निर्माण में व्यय की गई राशि की विस्तृत जानकारी मांगी है। कलेक्टर ने सड़क निर्माण पर लगभग 50 करोड़ रूपए व्यय होने के बावजूद एक किमी भी पेंच निर्माण नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई है। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को पत्र भेजकर अब तक इस सड़क के लिए स्वीकृत राशि से किए गए काम का ब्यौरा मांगा है। कलेक्टर ने सड़क निर्माण के काम को पूरा करने के लिए समयावधि और विस्तृत कार्य योजना भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से तलब की है।

जुलाई 2020 में दिए थे 39 करोड़ 84 लाख

हरदीबाजार-तरदा-सर्वमंगला-इमलीछापर तक 27.19 किमी सीमेंट कांक्रीट सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को जुलाई 2020 में 39 करोड़ 84 लाख रूपए दिए गए थे। इस सड़क में 13 किमी का भाग पहले से ही विस्थापित सड़क है और शेष नई सड़क कुल 27.19 किमी सीमेंट कांक्रीट से तैयार की जानी है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क निर्माण में स्वीकृत राशि के अलावा भी लगभग 11 करोड़ रूपए के काम पूरे हो जाने का हवाला देते हुए दूसरी किस्त जारी करने की मांग कलेक्टर से की है।

प्रशासन ने मांगा काम का ब्यौरा

कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की इस मांग पर दूसरी किस्त जारी करने के पहले अब तक हुए कामों का पूरा ब्यौरा मांगा है। बता दें कि समय-समय पर कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान पूरे मार्ग पर निर्माण कार्यो की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई है। इसके साथ ही पहले से मौजूद सड़क पर भी मरम्मत-पेचवर्क भी पूरा नहीं है। ऐसे में कलेक्टर ने अधिकारियों से पहले जारी 39 करोड़ 84 लाख रूपए और अतिरिक्त 10 करोड़ 83 लाख रूपये कुल लगभग 50 करोड़ रूपए के सड़क के कामों के बारे में जानकारी मांगी है।

क्या कहते हैं ईई

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एके वर्मा का कहना है कि इमली छापर से कुसमुंडा तरदा तक निर्माणाधीन सड़क के लिए 179 करोड़ स्वीकृति की गई है। एसईसीएल द्वारा किस्तों में भुगतान किया जा रहा है। पहली किस्त में 39 करोड़ 84 लाख दिया गया था। दूसरी किस्त की राशि 42 करोड़ 2 लाख रुपए जिला प्रशासन के पास जमा कराया गया है, लेकिन अभी राशि का हस्तांतरण विभाग को नहीं हुआ है। राशि जारी करने कलेक्टर को मांग पत्र भेजा जा चुका है।

कार के अंदर मिला आरक्षक का शव, जांच में जुटी पुलिस

दुर्ग/नवप्रदेश। कार के अंदर आरक्षक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक आरक्षक का नाम पीयूष सिंह बैस था, जो आईयूसीएडब्लू में पदस्थ था। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। कांस्टेबल पीयूष सिंह बैस शुक्रवार की दोपहर अपनी कार में बैठकर दुर्ग राजनांदगांव बाईपास शराब भट्टी के सामने शराब पी रहा था। इस दौरान वो कार में अकेले ही था। बताया जा रहा है कि आरक्षक कार में ही शुक्रवार की रात सोया हुआ था। सुबह जब आने जाने वाले लोगों ने कार के अंदर जवान को देखा तो इसकी जानकारी मोहन नगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कॉन्स्टेबल के मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल दुर्ग पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आश्रम अधीक्षकों से अभद्र व्यवहार करने वाले सहायक आयुक्त निलंबित

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे द्वारा 21 फरवरी को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान आश्रम अधीक्षकों से अभद्र व्यवहार करते हुए जातिगत टिप्पणी किया था। इस घटना से आश्रम अधीक्षकों में काफी रोष व्याप्त था। अधीक्षकों ने मुख्यमंत्री, विधायक और कलेक्टर को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी थी। इस मामले को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में सहायक आयुक्त का मुख्यालय आयुक्त कार्यालय बस्तर संभाग होगा। सहायक आयुक्त द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में आश्रम अधीक्षकों से जातीगत गाली गलौच करने व अमर्यादित टिप्पणी करने के कृत्य मामले में आदिमजाति अनुचित जाती विकास विभाग ने छतीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) क के तहत सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे को तत्काल निलंबित किया गया है। सहायक आयुक्त को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा ।

चरित्र शंका पर दोस्त के साथ मिलकर पति ने पत्नी को फांसी पर लटकाकर मारा

■ **हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश रही नाकाम, मर्ग जांच पर हुआ खुलासा**

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थानाक्षेत्र के कसैयाडीपा डॉक्टर कालोनी में महिला की मौत के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग जांच में आरोपियों द्वारा महिला की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का खुलासा किया है। आरोपी मृतिका का पति सुभाष भगत स्वास्थ्य कर्मी है, जिसने उसकी पत्नी को अन्य युवक द्वारा बदनाम करने से आत्मग्लानिवश फांसी लगाकर आत्महत्या दिखाने की प्लानिंग तैयार कर अपने साथी शंकर साहू के साथ मिलकर हत्या की थी। दोनों आरोपी षड़यंत्र कर हत्या करने एवं साक्ष्य छिपाने के अपराध में अब सलाखों के पीछे है। मृतिका अर्चना भगत पति सुभाष भगत 28 वर्ष निवासी कसैयाडीपा डाक्टर कालोनी घरघोड़ा की मौत के 4 फरवरी की सुबह मृतिका के पति सुभाष भगत द्वारा थाने में सूचना दी थी कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी। पुलिस के मुताबिक अर्चना भगत (मृतिका) से वर्ष 2011 में आरोपी की शादी हुई थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन से एक 8 वर्ष का एक पुत्र है। 3 फरवरी को रात्रि अर्चना बताई कि उसका पूर्व परिचित युवक उसके चरित्र को लेकर बदनाम कर रहा है। इस बात से अर्चना चिंतित थी। सुबह उठकर देखें तो अर्चना सिलिंग पंखा में साड़ी से फांसी लगाकर लटकी थी। अर्चना, उस युवक के बदनाम करने से आत्मग्लानि होकर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतिका के मायके पक्ष के लोग पोस्ट मार्टम के समय मौत पर संदेह व्यक्त किया गया था जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी अमित सिंह को सभी पहलुओं पर सूक्ष्मता पूर्वक जांच करने के निर्देश दिए गए। मृतिका के वारिशानों एवं मृतिका के घर आसपास रहने वालों को बयान दर्ज किया गया जिसमें पति-पत्नी के बीच मन मुटाव की बात सामने आयी जिस पर मृतिका के पति को संदेह पर रखकर पूछताछ की गई। पहले तो गोलमोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की गई, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 3 फरवरी की रात योजना बनाकर अर्चना भगत के गले में साड़ी को फंसाकर अर्चना के पीठ और अपने पीठ को सटा कर फांसी के फंदे को बलपूर्वक खींचा जिससे अर्चना बेहोश हो गई जिसके बाद अपने साथी शंकर साहू को मोबाइल पर कॉल कर घर बुलाया और दोनों मिलकर अचेत अवस्था में अर्चना को फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर दी और घटना के बाद अर्चना द्वारा आत्मग्लानि वश ऐसा कदम उठाया गया है यह दिखाने अर्चना के मोबाइल से मैसेज किया गया। आरोपी सुभाष भगत पिता सुधीर भगत 31 साल निवासी केसरा चौकी मनोरा जिला जशपुरनगर हाल कसैयाडीपा से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल, मृतिका का मोबाइल एवं आरोपी शंकर साहू पिता विधव साहू 23 साल निवासी नवापारा तमनार रोड़ घरघोड़ा से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं मोटर सायकल का जब्त किया गया है।

सीएम भूपेश को अधिवेशन में शामिल होने का न्यौता

खरोरा/नवप्रदेश। छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें 6 मार्च को तिल्दा क्षेत्र के ग्राम-छतौद में आयोजित होने वाले समाज के वार्षिक राज अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का न्योता दिया गया। सीएम ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए वार्षिक सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रतिनिधिमंडल को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के संरक्षक अनिल नायक व देवव्रत नायक, ठाकुर राम वर्मा, दौलत धुरंधर व ओम प्रकाश वर्मा मौजूद थे।